www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

**मौसम**

अधिकतम तापमान 34.c

26.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 88.390g

चांदी 91.500 kg

2 भारत के लिए आपदा में अवसर, ट्रंप द्वारा टैरिफ बढ़ाने से डरने के बजाय अपना निर्यात अन्य देशों में करने के उपाय खोजे

सड़क निर्माण कार्य में धांधली का आरोप 04

वर्ष :08 | अंक :259 | मुंबई ,बुधवार , 12 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### 150 से अधिक मामलों में आरोपी गैंगस्टर अमन साओ मुठभेड़ में ढेर, खुद को बताता था लॉरेंस बिश्नोई का करीबी

झारखंड के पलामू जिले में खूंखार गैंगस्टर अमन साओ को पुलिस हिरासत से छुड़ाने की कोशिश के दौरान मुठभेड़ में मार गिराया गया। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के उस बयान के एक दिन बाद हुई जिसमें उन्होंने कहा था कि झारखंड में अधिकांश अपराध की साजिशें जेलों के अंदर रची जाती हैं और अपराधी गिरोहों की मदद से उन्हें अंजाम दिया जाता है। उन्होंने बताया कि यह मुठभेड़ मंगलवार सुबह उस समय हुई जब 150 से अधिक मामलों में आरोपी और कुछ मामलों में दोषी ठहराए गए गैंगस्टर को पड़ोसी छत्तीसगढ़ के रायपुर जेल से रांची लाया जा रहा था। मेदिनीनगर के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि अचानक साओ के गिरोह के सदस्यों ने उस वाहन पर हमला कर दिया जिसमें उसे लाया जा रहा था और रामगढ़ थाना क्षेत्र के अंधेरीटोला के पास उसे छुड़ाने का प्रयास किया

### ईसाई धर्म के प्रसार पर लेक्चर किया गया रद्द, सोशल मीडिया पर इनविटेशन वायरल होने के बाद बढ़ा विवाद

तमिलनाडु के मद्रास विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाला भारत में ईसाई धर्म का प्रसार कैसे करें और हमें इस मार्गम की आवश्यकता क्यों है शीर्षक वाला व्याख्यान सोशल मीडिया पर व्यापक आलोचना के बाद रद्द कर दिया गया। प्राचीन इतिहास और पुरातत्व विभाग द्वारा सुब्रमण्य अय्यर बंदोबस्ती व्याख्यान श्रृंखला के तहत आयोजित यह कार्यक्रम अपने विषय को लेकर गहन जांच के घेरे में आ गया, जिसके कारण इसे अचानक रद्द कर दिया गया। विभाग प्रमुख डॉ. जे सुंदरराजन द्वारा जारी व्याख्यान के निमंत्रण के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद शुरू हुआ। 14 मार्च को इंजीनियर के. शिव कुमार द्वारा दिए जाने वाले इस कार्यक्रम की तीखी आलोचना हुई, जिसमें उपयोगकर्ताओं ने इतिहास और पुरातत्व विभाग में अत्यधिक धार्मिक विषय की प्रासंगिकता पर सवाल उठाए। बढ़ते विरोध के बीच, विभाग ने 7 मार्च को एक बयान जारी कर घोषणा की कि प्रशासनिक कारणों से कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर उपयोगकर्ताओं और उनकी टिप्पणियों ने इस बात पर चिंता जताई कि विश्वविद्यालय संवेदनशील विषयों पर व्याख्यानों की जांच और अनुमोदन कैसे करते हैं। हालांकि आयोजकों ने कोई और स्पष्टीकरण जारी नहीं किया।

# 'क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे'

## खड़गे के बयान पर राज्यसभा में बवाल,बाद में मांगी माफी ,नड्डा ने किया पलटवार

**राज्यसभा में बवाल**

▶▶ मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा मैं आपसे (उपसभापति) हाथ जोड़कर अनुरोध करता हूं कि मुझे (बोलने के लिए) अनुमति दें। आपको क्या-क्या ठोकना है ठीक से ठोकेंगे, सरकार को भी ठोकेंगे। इसके बाद भाजपा और एनडीए सांसद हंगामा करने लगे।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, ...उनके द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा और आसन पर हमला निंदनीय है। उन्हें इसकी निंदा करनी चाहिए और आसन के लिए इस भाषा का इस्तेमाल करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्हें अपने शब्द वापस लेने चाहिए या इसे हटा दिया जाना चाहिए।



एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा में मंगलवार को भारी हंगामा देखने को मिला। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बयान पर बहस छिड़ गई। हालांकि, इस दौरान खड़गे ने कुछ ऐसा कह दिया जिससे बवाल और बढ़ गया। दरअसल, राज्यसभा में नई शिक्षा नीति को लेकर बहस चल रही थी। इस दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे धर्मेंद्र प्रधान की आलोचना कर कर रहे थे और जब उन्हें बोलने से रोका गया तो उन्होंने कहा, यहां तानाशाही चल रही है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा मैं आपसे (उपसभापति) हाथ जोड़कर अनुरोध करता हूं कि मुझे (बोलने के लिए) अनुमति दें। आपको क्या-क्या ठोकना है ठीक से ठोकेंगे, सरकार को भी ठोकेंगे। इसके बाद भाजपा और एनडीए सांसद हंगामा करने लगे। खड़गे की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए सदन के नेता और इसके बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मैं आपसे (उपसभापति) माफी मांगता हूं, मैंने आपके लिए इन शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया है। मैंने कहा है कि 'हम सरकार की नीतियों को ठोकेंगे'। मैं आपसे माफी मांगता हूं, सरकार से नहीं। मतदाता सूची में कथित हेराफेरी और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे पर कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सहित अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को राज्यसभा में भारी हंगामा किया

**इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 लोकसभा में पेश, कांग्रेस ने विधेयक का विरोध किया**

*नई दिल्ली: संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण चल रहा है. सरकार ने मंगलवार 11 मार्च को लोकसभा में आप्रवासन और विदेशी विधेयक, 2025 पेश किया. यह भारत में प्रवेश करने और यहां से बाहर जाने वाले लोगों के संबंध में पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेजों की आवश्यकता और विदेशी नागरिकों से संबंधित मामलों को विनियमित करने के लिए केंद्र सरकार को कुछ शक्तियां प्रदान करेगा. इस विधेयक में वीजा और पंजीकरण की आवश्यकता और उससे जुड़े मामले शामिल हैं. लोकसभा में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति (2024-25) की रिपोर्ट भी पेश की जाएगी.*

# मॉरीशस पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति धरम गोखुल से की मुलाकात

## महाकुंभ का पवित्र गंगाजल किया भेंट ,प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने 24 कैबिनेट मंत्रियों के सामने लगाया गले

पीएम नरेंद्र मोदी के एयरपोर्ट पहुंचने पर एयरपोर्ट पर डिप्टी पीएम, मुख्य न्यायाधीश, नेशनल असेंबली के स्पीकर, विपक्ष के नेता, विदेश मंत्री, कैबिनेट सेक्रेटरी समेत 200 विशिष्टजन भी मौजूद रहे थे। पीएम मोदी मॉरीशस पहुंचे तो उन्हें रिसीव करने के लिए सभी 34 मंत्री एयरपोर्ट पर ही थे। मोदी मोदी के नारे यहां लगाए गए जिससे माहौल ही बदल गया।

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखुल से मुलाकात की और उन्हें महाकुंभ का गंगाजल उपहार स्वरूप भेंट किया। मंगलवार सुबह दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने गोखुल को कई अन्य उपहार भी दिए। राष्ट्रपति गोखुल से मुलाकात करने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम से भेंट की और दोनों नेताओं ने सर शिवसागर रामगुलाम बॉटनिकल गार्डन में एक पौधा लगाया। मोदी के



**मॉरीशस के राष्ट्रपति ने मोदी के सम्मान में भोज का किया आयोजन**

मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोकुल एवं प्रथम महिला श्रीमती बृंदा गोकुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में दोपहर के भोज का आयोजन किया।

यूट्यूब चैनल के अनुसार, प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति गोखुल से मुलाकात की और उन्हें महाकुंभ के गंगाजल समेत कई उपहार दिए। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ मेला आयोजित हुआ, जिसमें गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम पर बड़ी संख्या में लोगों ने डुबकी लगाई। इससे पहले, करीब एक दशक बाद मॉरीशस पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्होंने (मोदी ने) पिछली बार 2015 में मॉरीशस की यात्रा की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि मोदी के समकक्ष रामगुलाम और अन्य नेताओं ने उनका रस्मी स्वागत किया।

# मुझे विभीषण की तरह लंका से निकाला गया

## लोकसभा में कीर्ति आजाद का बीजेपी पर तंज

लोकसभा में वर्ष 2024-25 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच, 2021-22 के लिए अतिरिक्त अनुदानों की मांगों और 2025-26 के लिए मणिपुर के संबंध में अनुदान की अनुपूरक मांगों पर आज चर्चा हो रही थी। इसी चर्चा में बोलने के लिए आजाद खड़े हुए थे।

एजेंसी



तृणमूल कांग्रेस के सांसद कीर्ति आजाद ने आज अपनी पुरानी पार्टी भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लोकसभा में आरोप लगाया कि एक घोटाले को उजागर करने के लिए पार्टी ने उन्हें उसी तरह से निकाला जैसे विभीषण को लंका से बाहर किया गया था। दरअसल, लोकसभा में वर्ष 2024-25 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच, 2021-22 के लिए अतिरिक्त अनुदानों की मांगों और 2025-26 के लिए मणिपुर के संबंध में अनुदान की अनुपूरक मांगों पर आज चर्चा हो रही थी। इसी चर्चा में बोलने के लिए आजाद खड़े हुए थे। कभी भाजपा के सांसद रहे आजाद पार्टी ने निकलने का बाद कांग्रेस और फिर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए। उन्होंने सदन में भाजपा सदस्यों की ओर इशारा करते हुए कहा, मुझसे बेहतर इन लोगों को कोई नहीं जानता। मैंने क्रिकेट में 400 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले को उठाया तो मुझे विभीषण की तरह लंका से निकाल दिया गया।

# माफियाराज झेलने वाले प्रयागराज का अब कायाकल्प: सीएम योगी

## नींव पर बनी इमारत में सब रहते हैं, लेकिन पत्थर भुला दिए जाते हैं: योगी

एजेंसी

- सफाई कर्मचारियों के सम्मान समारोह में पहुंचे सीएम योगी. मुख्यमंत्री ने की सफाई कर्मचारियों पर पुष्पवर्षा, किया सम्मान. बोले- सफाईकर्मियों के सम्मान का कार्यक्रम अभिभूत करने वाला.
- महाकुम्भ में हर किसी ने सफाई व सुरक्षाकर्मियों की प्रशंसा अवश्य की: मुख्यमंत्री

लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक निजी चैनल के कॉनक्लेव में पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया और उन पर पुष्पवर्षा भी की। मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों को नींव का पत्थर बताते हुए कहाकि इन्होंने स्वच्छ कुम्भ के संदेश को साकार किया है। सीएम ने कहाकि महाकुम्भ ने आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ने के बड़े अभियान को आगे बढ़ाया है। महाकुम्भ का आयोजन प्रयागराज जैसे शहर के विकास को बढ़ाने में काफी सफल रहा। एक समय प्रयागराज माफियाराज से जकड़ चुका था, दुर्दांत माफिया पूरे प्रयागराज को रौंद रहे थे। आज महाकुम्भ के कारण उसका कायाकल्प हो गया। यहां विकास के अनेक बड़े-बड़े कार्य हुए। महाकुम्भ के कारण यह प्राचीन व पौराणिक नगरी आज नए कलेवर के रूप में दिखाई दे रही है।सामूहिक प्रयास का परिणाम होती है सफलतासीएम योगी ने सरकार के बाद सफाईकर्मियों के सम्मान के पहले सार्वजनिक आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कार्य संपन्न होने के बाद अक्सर हर व्यक्ति अपनी राह पकड़कर आगे की सोचने लगता है। नींव पर बनी इमारत में सब रहते हैं, लेकिन पत्थ? भुला दिए जाते हैं। उनके महत्व को विस्मृत कर दिया जाता है। महाकुम्भ की नींव को जिन स्वच्छता कर्मियों ने सुदृढ़ करने का प्रयास किया, जिनकी बदौलत यह दिव्य-भव्य महाकुम्भ हो पाया।



# कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू का एनकाउंटर, रायपुर जेल से झारखंड ला रही थी पुलिस

**गैंगस्टर अमन साहू और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें गैंगस्टर अमन साहू मारा गया**

एजेंसी



रांची: झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है. मुठभेड़ में गैंगस्टर अमन साहू मारा गया है. मुठभेड़ उस वक्त हुई जब अमन साहू को रायपुर जेल से लाया जा रहा था.जानकारी के मुताबिक, अमन साहू को झारखंड एटीएस छत्तीसगढ़ के रायपुर से वापस लेकर लौट रही थी. इसी क्रम में पलामू के चैनपुर और रामगढ़ थाना के बीच अन्धारी ढोढा में अमन साव के गिरोह ने पुलिस वाहन पर बम से हमला कर दिया. इस दौरान अमन साहू जवान का राइफल छीनकर भाग रहा था, जिसके बाद पुलिस ने उसका पीछा किया.इस दौरान पुलिस पर अमन साहू ने फायरिंग की, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की. पुलिस के जवाबी कार्रवाई में अमन साहू को गोली लगी और उसकी मौत हो गई है. फायरिंग में एक जवान के पैर में भी गोली लगी है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पलामू पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं. पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में गैंगस्टर अमन साहू को गोली लगी है, जिससे उसकी मौत हो गई है।

# काशी में जलती चिता की राख की होली

## नरमुंड पहने नागाओं ने किया तांडव, डमरू की गूंज; 25 देशों से पहुंचे 2 लाख टूरिस्ट

एजेंसी



**काशी के मसान की होली की प्राचीन कथा**

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार माता सती के आत्मदाह के बाद भगवान शिव चिर साधना में चले गए। इससे संसार का संतुलन बिगड़ गया, इधर राक्षस राज तारकासुर का आतंक बढ़ता जा रहा था, जो शिव पुत्र के हाथों ही मारा जा सकता था और इसके लिए शिवजी का साधना से उठना जरूरी था। इसके लिए देवराज इंद्र ने योजना बनाई और उनके आदेश पर कामदेव ने आदि योगी शिव पर बाण से प्रहार कर दिया, इससे शिवजी की साधना भंग होई। लेकिन उनको क्रोध आ गया

वाराणसी , जलती चिताएं। रोते-बिलखते लोग। डीजे की तेज आवाज और चिता की राख से होली खेलते हुए नॉनस्टॉप डांस। यह नजारा काशी के मणिकर्णिका घाट पर दिखा। यहां मसाने की होली खेली गई। मंगलवार को रंगोत्सव डमरू वादन से शुरू हुआ।घाट पर कोई गले में नरमुंडों की माला पहनकर तांडव करता दिखा, तो कोई डमरू की थाप पर नाचता हुआ। नागा संन्यासियों ने तलवारें और त्रिशूल लहराए। जश्न के बीच से शवयात्रा भी गुजरी। भीड़ इतनी कि पैर रखने तक की जगह नहीं दिखी। सड़कें पूरी तरह से राख से पट गईं।रंग और राख से सराबोर होकर विदेशी पर्यटक भी झूमते दिखे। मंगलवार सुबह 11 बजे शुरू हुई होली शाम 4 बजे तक लगातार चली। 25 देशों से 2 लाख से ज्यादा पर्यटक मसाने की होली खेलने पहुंचे। आम लोग, जो चिता की राख से दूर रहते हैं, आज उसी राख में सराबोर दिखे।ऐसा पहली बार हुआ कि महिलाएं मसाने की होली में शामिल नहीं हुईं। दरअसल महाकुंभ समापन के बाद भीड़-भाड़ देखते हुए उनके आने पर रोक लगाई गई थी। महिलाओं को नाव से मसाने की होली देखने की गुजारिश की गई थी।

# पश्चिम बंगाल में हिंदू मंदिरों पर हमला

## विधानसभा के बाहर बीजेपी का विरोध प्रदर्शन, ममता सरकार पर निशाना

▶▶ विपक्ष के नेता ने दावा किया कि यह गैरकानूनी है और पश्चिम बंगाल की जनता की आवाज को दबाने की कोशिश है, जिसके खिलाफ हम प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि मांग यह है कि भेदभाव बंद किया जाना चाहिए।



एजेंसी

पश्चिम बंगाल में हिंदू मंदिरों पर हमलों के खिलाफ भाजपा ने विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल के नेता सुवेन्दु अधिकारी ने कहा कि पिछले 4-5 दिनों से बरुईपुर, बशीरहाट में हिंदू मंदिरों और मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है। एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने दावा किया कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मना रहे लोगों पर हमला किया गया। इसके खिलाफ भाजपा विधायक ने विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव लाया, लेकिन उन्हें बोलने तक नहीं दिया गया। विपक्ष के नेता ने दावा किया कि यह गैरकानूनी है और पश्चिम बंगाल की जनता की आवाज को दबाने की कोशिश है, जिसके खिलाफ हम प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि मांग यह है कि भेदभाव बंद किया जाना चाहिए। वोट बैंक और मुसलमानों के तुष्टीकरण के लिए हिंदुओं को किनारे किया जा रहा है। हमारे मुख्य सचेतक डॉ. शंकर घोष ने हमारे मुद्दे उठाए और हमेशा की तरह उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई। हम इस निरंकुशता को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**निर्दोष** बीजेपी बोली- कांग्रेस का हाथ आतंकवादियों और दंगाईयों के साथ

# उमर खालिद को दिग्विजय सिंह ने बताया निर्दोष!

एजेंसी





पूनावाला ने बताया कि अदालतों ने दंगों में खालिद की संलिप्तता की पुष्टि की है, जिसके परिणामस्वरूप 50 से अधिक मौतें हुई, और कांग्रेस पर न्यायपालिका के फैसलों पर संदेह करने का आरोप लगाया।

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की 2020 के दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद का बचाव करने और उसे निर्दोष कहने के लिए तीखी आलोचना की। सिंह ने दावा किया था कि खालिद को परेशान किया जा रहा है और अधिकारियों द्वारा गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। खालिद के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए सिंह ने कहा था कि जिस तरह से निर्दोष लोगों को परेशान किया जा रहा है, उन्हें परेशान किया जा रहा है, ऐसी घटनाएं हमें देखने को नहीं मिलती। हम लड़ते रहते हैं और हमने नफरत फैलाने वालों से कभी समझौता नहीं किया है और न ही करेंगे। हम किसी से कम नहीं हैं, अगर हम साथ मिलकर लड़ेंगे तो जीत सकते हैं। मैं आपके साथ हूं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक वीडियो बयान में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस लगातार आतंकवादियों और दंगाइयों का समर्थन करती रही है। पूनावाला ने कहा, कांग्रेस का हाथ हमेशा आतंकवादियों और दंगाईयों के साथ रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ने उमर खालिद की जमानत याचिकाओं को बार-बार खारिज किया है। यहां तक कि खालिद की टीम ने भी कई बार उनकी जमानत याचिका वापस ले ली है। अदालतों ने पुष्टि की है कि खालिद के खिलाफ दंगों के पीछे की साजिश से जुड़े पर्याप्त सबूत हैं, जिसमें हत्या, गैरकानूनी सभा, नफरत फैलाने वाले भाषण और यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम) के तहत उल्लंघन के आरोप शामिल हैं। पूनावाला ने बताया कि अदालतों ने दंगों में खालिद की संलिप्तता की पुष्टि की है, जिसके परिणामस्वरूप 50 से अधिक मौतें हुईं, और कांग्रेस पर न्यायपालिका के फैसलों पर संदेह करने का आरोप लगाया। उन्होंने दिल्ली दंगों के पीड़ितों, खासकर हिंसा के शिकार अंकित शर्मा के परिवार के प्रति कोई सहानुभूति व्यक्त करने में विफल रहने के लिए सिंह की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को दिल्ली दंगों के पीड़ितों के साथ खड़े होने की बजाय वोट बैंक की राजनीति की अधिक चिंता है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि शरजील इमाम और उमर खालिद पर हिंदू विरोधी दिल्ली दंगे फैलाने की साजिश रचने का आरोप था। कांग्रेस उन्हें निर्दोष मानती है और इसका मतलब है कि पार्टी देश की एकता और अखंडता के खिलाफ है।

# लैंड फॉर जॉब केस में तेज प्रताप और बहन हेमा को बेल

## राबड़ी देवी बोलीं- जानबूझकर किया जा रहा परेशान





विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने प्रत्येक आरोपी द्वारा 50,000 रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के जमानती बांड प्रस्तुत करने पर आरोपियों को जमानत दे दी। अदालत ने मामले की सुनवाई 20 मार्च को निर्धारित की है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को जमीन के बदले नौकरी घोटाले के मामले में तेज प्रताप यादव, हेमा यादव और अन्य आरोपियों को जमानत दे दी। वे समन जारी होने के बाद कोर्ट में पेश हुए। लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती ने छूट की अर्जी दाखिल की। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने प्रत्येक आरोपी द्वारा 50,000 रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के जमानती बांड प्रस्तुत करने पर आरोपियों को जमानत दे दी। अदालत ने मामले की सुनवाई 20 मार्च को निर्धारित की है। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी नेता राबड़ी देवी ने कहा कि जब भी चुनाव होने वाले होते हैं, भारत और राज्य सरकार जानबूझकर हमें परेशान करना शुरू कर देती है... अदालत जो भी कहेगी, हम उसे स्वीकार करेंगे। अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दायर निर्णायक आरोप सहित सभी तीन आरोपपत्रों का संज्ञान लिया। पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और 77 अन्य आरोपियों के खिलाफ अंतिम आरोप पत्र दाखिल किया गया है। आरोपियों में 30 सरकारी कर्मचारी और 38 उम्मीदवार हैं। पहली चार्जशीट में तीन अतिरिक्त आरोपियों को भी शामिल कर समन किया गया है। दूसरी चार्जशीट में आरोपी भोला यादव, प्रेम चंद गुप्ता को भी समन किया गया है। तीसरी चार्जशीट में हेमा यादव और तेज प्रताप यादव को भी समन किया गया है। 7 जून को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने लालू प्रसाद यादव और 77 अन्य आरोपियों के खिलाफ जमीन के बदले नौकरी मामले में निर्णायक आरोपपत्र दाखिल किया।

## सम्पादकीय

# शिक्षा नीति पर रार, झूठ का सहारा लेकर कर रहे सस्ती राजनीति

हिंदी विरोध के अलावा उन्होंने परिसीमन को लेकर भी यह माहौल बनाना शुरू कर दिया है कि इससे दक्षिण के राज्यों को राजनीतिक क्षति उठानी पड़ेगी। हालांकि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री यह स्पष्ट कर चुके हैं कि परिसीमन से किसी राज्य को कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा लेकिन स्टालिन ऐसा ही होने का हौवा खड़ा करने में लगे हुए हैं।जैसा अंदेशा था, वैसा ही हुआ। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरूआत हंगामे से हुई। जिन मुद्दों पर हंगामा हुआ, उनमें नई शिक्षा नीति भी है। इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं कि नई शिक्षा नीति को दलगत राजनीतिक हितों से जोड़कर देखा जा रहा है और कुछ राज्यों की ओर से केवल इसलिए उसका विरोध किया जा रहा है, ताकि लोगों की भावनाओं को भड़काकर राजनीतिक लाभ उठाया जा सके।नई शिक्षा नीति का सबसे अधिक विरोध तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की ओर से किया जा रहा है। इस विरोध के पीछे क्षुद्र राजनीति है। स्टालिन को सबसे अधिक आपत्ति नई शिक्षा नीति के त्रिभाषा फामूर्ले पर है। यह फामूर्ला नया नहीं है। यह 1968 में ही बन गया था। इसमें यह प्रविधान था कि गैर हिंदी भाषी राज्य अपनी स्थानीय भाषा और अंग्रेजी के साथ तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ाएंगे। यह उल्लेखनीय है कि 2020 की नई शिक्षा नीति में हिंदी की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। इसके बाद भी स्टालिन यह शोर मचाने में लगे हुए हैं कि त्रिभाषा फामूर्ले के जरिये मोदी सरकार तमिलनाडु पर हिंदी थोपना चाहती है। यह निरा झूठ है और इसका उद्देश्य लोगों को बरगलाना है। तमिलनाडु में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं। स्टालिन इन चुनावों में अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए ही नई शिक्षा नीति का विरोध करने में लगे हुए हैं। समस्या यह है कि इसके लिए वह झूठ बोलने से भी नहीं चूक रहे हैं। संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के फेर में उन्होंने इतना उग्र रूप धारण कर लिया है कि हिंदी के साथ संस्कृत पर भी आपत्ति जता रहे हैं। हिंदी विरोध के अलावा उन्होंने परिसीमन को लेकर भी यह माहौल बनाना शुरू कर दिया है कि इससे दक्षिण के राज्यों को राजनीतिक क्षति उठानी पड़ेगी। हालांकि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री यह स्पष्ट कर चुके हैं कि परिसीमन से किसी राज्य को कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा, लेकिन स्टालिन ऐसा ही होने का हौवा खड़ा करने में लगे हुए हैं। यह सही है कि लोकसभा सीटों का परिसीमन प्रस्तावित है, लेकिन वह तो तब होगा, जब जनगणना होगी। जब न जनगणना हुई है और न ही यह तय हुआ है कि वह किस आधार पर होगा, तब फिर स्टालिन उसे लेकर लोगों को आशंकित करने में क्यों जुटे हुए हैं? इससे बुरी बात और कोई नहीं कि डीएमके नेता शिक्षा नीति को अपनी सस्ती राजनीति का विषय बनाएं।

## आज का विचार







**मेष राशि:** मेष राशि के जातकों को अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए अपनी इन्कम के स्त्रोतों में तेजी लानी होगी. आप किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा ना करें और अपने महत्वपूर्ण कामों को समय से निपटाने की कोशिश करें.

**वृषभ राशि :**वृषभ राशि के जातकों के लिए कल दिन ठीक-ठाक रहने वाला है. प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी. पारिवारिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी. आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा.

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातकों के लिए कल दिन धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है. आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी, क्योंकि आपका आपका डूबा हुआ धन मिल सकता है.

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातकों के लिए कल दिन रचनात्मक कार्यों से जोड़कर लाभ कमाने के लिए रहेगा. राजनीति में आप सोच समझकर कदम बढ़ाएं. विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा. आपको यदि किसी काम को लेकर टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी.

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातको के इन्कम के सोर्स बढ़ेंगे. आपको ससुराल पक्ष से भी धन लाभ मिलता दिख रहा है. माताजी आपसे पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करेंगी. जीवन साथी का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा.

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों को कल किसी दूर रहे परिजन की याद सता सकती है. संतान आपके लिए कोई उपहार लेकर आएगी. आप किसी नई गाड़ी की खरीदारी कर सकते हैं. आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी.

**तुला राशि :** तुला राशि के जातको के लिए कल दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा. आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी. आपको अपने ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से कोई गुप्त जानकारी शेयर नहीं करनी है.

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए कल दिन किसी नई संपत्ति को खरीदने के लिए रहेगा. आपका कोई पुराना रोग उभर सकता है, जिसके लिए आपको किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श लेना होगा. पारिवारिक समस्याएं कल फिर से सिर उठाएंगी.

**धनु राशि :** धनु राशि के जातकों के लिए कल दिन सामान्य रहने वाला है. आपका किसी से बेवजह न उलझे. प्राइवेट नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा. सामाजिक क्षेत्रो में कार्यरत लोगों को कोई नया पद मिल सकता है. आपको सोच समझकर कोई काम करना होगा

**मकर राशि ;** मकर राशि के जातको अपनी मेहनत से अपने कामों को करना होगा. कार्य क्षेत्र में चल रही समस्याएं बढ़ सकती हैं. राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी. संतान कल कोई बड़ा काम सोच समझकर कर सकती हैं. आपको अपने घर की साथ सजा पर पूरा ध्यान देना होगा.

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के जातको का कोई भूमि वाहन आदि खरीदने का सपना पूरा होगा. आपका कोई पारिवारिक मुद्दा सुलझेगा. आपको किसी सरकारी योजना का लाभ मिलेगा. आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी. घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी.

**मीन राशि :** मीन राशि के जातकों को कल एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी, लेकिन नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है. आप अपने बिजनेस से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर किसी अनुभव व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं. आपको किसी बडे इन्वेस्टमेंट को थोड़ा सोच समझ कर करना होगा. जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर मिलेगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# भारत के लिए आपदा में अवसर, ट्रंप द्वारा टैरिफ बढ़ाने से डरने के बजाय अपना निर्यात अन्य देशों में करने के उपाय खोजे

> **यदि ट्रंप द्वारा आयात कर बढ़ाए जाते हैं तो व्यापार घाटा कम होने के स्थान पर बढ़ेगा। आयात कर बढ़ाने से वस्तुएं महंगी होंगी और आयात घटेंगे। आयात घटने से अमेरिका में चीनी मुद्रा युआन की मांग घटेगी। उसकी मांग कम होने से युआन के दाम गिरेंगे और फिर डॉलर के दाम बढ़ेंगे। डॉलर के दाम बढ़ने से अमेरिकी निर्यात दबाव में आएंगे।**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयातित होने वाले माल पर आयात कर (टैरिफ) बढ़ाने की घोषणा की है। नए कर 2 अप्रैल से प्रभावी हो जाएंगे। ट्रंप को चिंता है कि अमेरिका द्वारा दूसरे देशों से जो माल खरीदा जा रहा है, उससे अमेरिकी उद्योग चौपट हो रहे हैं।अमेरिका दूसरे देशों पर निर्भर होता जा रहा है, विशेषकर भारत और चीन पर। ऐसे में ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिका में खपत होने वाले माल का अधिकाधिक उत्पादन देश में ही किया जाए, जिससे अमेरिका दूसरे देशों के शिकंजे से बच सके।इस दिशा में ट्रंप ने एलान किया है कि दो अप्रैल से वह भारत से आयातित होने वाले माल पर उतना आयात कर लगाएंगे, जितना भारत द्वारा अमेरिका से आयातित होने वाले माल पर लगाया जाता है। ट्रंप का सोच है कि ऊंचे आयात कर लगाने से आयात महंगे हो जाएंगे और इसकी तुलना में घरेलू उत्पादन सस्ता पड़ने लगेगा, जिससे अमेरिका में उद्योग चल निकलेंगे, रोजगार उत्पन्न होंगे और अमेरिकी आर्थिकी स्वावलंबन की ओर बढ़ेगी। हालांकि आयात कर लगाने से व्यापार घाटा कम नहीं होगा। जब आयात अधिक और निर्यात कम हो तो देश का व्यापार घाटे में चला जाता है, जैसे घर के खर्च अधिक और आय कम हो तो परिवार को घाटा झेलना पड़ता है। आर्थिकी के लिए किसी भी देश को विदेशी मुद्रा बहुत आवश्यक होती है। विदेशी मुद्रा मुख्य रूप से दो स्रोतों से प्राप्त होती है। एक निर्यात और दूसरे, ऋण से। निर्यात और ऋण से मिलने वाली विदेशी मुद्रा का उपयोग आयात भुगतान के लिए किया जाता है। इसमें एक फामूर्ला



बनता है: निर्यात+ऋण=आयात। स्वाभाविक है कि निर्यात और आयात बराबर तब ही होंगे, जब ऋण शून्य हो जाए। अर्थात व्यापार घाटा तभी शून्य होगा, जब ऋण शून्य हो जाए। इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है। मान लीजिए एक दुकानदार को ऊंचे जीवन स्तर की आदत है। वह ऋण लेकर महंगी कार में घूमता है। ऋण पर ब्याज देने के कारण उसकी दुकान घाटे में चल रही है। ऐसे में यदि वह विक्रय की राशि में से 10 प्रतिशत रकम ऋण पर ब्याज देने के लिए अलग रख दे तो दुकान का घाटा बढ़ेगा। तब 100 रुपये की बिक्री में से दुकान चलाने के लिए केवल 90 रुपये मिलेंगे और दुकान का घाटा बढ़ता जाएगा। जैसे कैंसर के रोगी को घी पिलाने से उपचार नहीं होता और उसे रेडिएशन थेरेपी देनी ही पड़ती है, वैसे ही घाटे के रोगी अमेरिका का आयात कर बढ़ने से उपचार नहीं होगा। उसे अपने सरकारी खर्च घटाने होंगे। हालांकि इस दिशा में पहल तो हुई, लेकिन विरोध भी शुरू हो गया है। अमेरिका का वार्षिक घाटा करीब 1.8 ट्रिलियन (लाख करोड़) डॉलर का है। इस घाटे की भरपाई के लिए अमेरिकी सरकार भारी मात्रा में ऋण ले रही है। इस ऋण से मिले डॉलर का उपयोग अमेरिका द्वारा भारत, चीन आदि देशों से माल का आयात करने के लिए किया जा रहा है। इस कारण अमेरिका का व्यापार घाटा बढ़ा हुआ है। इस ऋण से अमेरिकी सरकार अपने नागरिकों को बेरोजगारी भत्ता एवं स्वास्थ्य सेवाएं इत्यादि मुहैया कराती है, जिससे अमेरिकी नागरिक का जीवन स्तर ऊंचा बना हुआ है। जिस प्रकार दुकानदार को ऋण लेकर लक्जरी कार में सैर करने की लत लग जाए तो उसकी दुकान घाटे में चली जाती है, उसी प्रकार अमेरिकी नागरिकों की ऊंचे जीवन स्तर की लत से अमेरिका की दुकानदारी घाटे में चल रही है। जब तक अमेरिकी सरकार ऋण लेती रहेगी, तब तक निश्चित रूप से निर्यात कम और आयात अधिक होंगे और व्यापार घाटा शून्य नहीं हो सकता। यदि ट्रंप द्वारा आयात कर बढ़ाए जाते हैं तो व्यापार घाटा कम होने के स्थान पर बढ़ेगा। आयात कर बढ़ाने से वस्तुएं महंगी होंगी और आयात घटेंगे। आयात घटने से अमेरिका में चीनी मुद्रा युआन की मांग घटेगी। उसकी मांग कम होने से युआन के दाम गिरेंगे और फिर डॉलर के दाम बढ़ेंगे। डॉलर के दाम बढ़ने से अमेरिकी निर्यात दबाव में आएंगे। इस प्रकार आयात कर बढ़ाने से आयात कम अवश्य होंगे, लेकिन साथ-साथ निर्यात भी घटेंगे और व्यापार घाटा पूर्ववत बना रहेगा। व्यापार घाटे को कम करने का एकमात्र उपाय है कि अमेरिकी सरकार अपने बजट घाटे पर नियंत्रण करे। जब अमेरिकी सरकार विदेशी ऋण लेकर आयात करना बंद कर देगी तब निर्यात और आयात का कांटा बराबर हो जाएगा। अतीत इसका साक्षी है कि पहले कार्यकाल में भी आयात कर बढ़ाकर ट्रंप घाटे पर नियंत्रण नहीं कर पाए थे, लेकिन यह भी सही है कि ट्रंप के पहले कार्यकाल में चीन से अमेरिका का व्यापार घाटा कम हुआ था, लेकिन वियतनाम और दूसरे देशों से व्यापार घाटा उतना ही बढ़ गया था। ट्रंप बजट घाटे को लेकर भी चिंतित हैं। उन्होंने एलन मस्क को जिम्मेदारी दी है कि वह सरकार में निहित अकुशलताओं को चिह्नित करें और सरकारी फिजूलखर्ची पर नियंत्रण करें, लेकिन यह पहल ऊंट के मुंह में जीरा साबित होगी। इस शोर का उद्देश्य घरेलू वोटर को लुभाना मात्र है। सच यह है कि अमेरिकी जनता अपनी कमाई से अधिक खपत कर रही है। इस ऊंचे जीवन स्तर को पोषित करने के लिए अमेरिका द्वारा भारी मात्रा में ऋण लिया जा रहा है, जिसका तार्किक परिणाम व्यापार घाटा है। भारत को चाहिए कि ट्रंप द्वारा लगाए जाने वाले आयात कर से डरने के बजाय अपना निर्यात अन्य देशों में करने के उपाय खोजे। कई विश्लेषकों का मत है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था आने वाले समय में संकट में पड़ सकती है। इसलिए भारत को चाहिए कि अपने निर्यात दूसरे देशों में बढ़ाने के प्रयास करे, जिससे अमेरिकी सरकार द्वारा आयात कर लगाने अथवा अमेरिकी अर्थव्यवस्था के संकट आने के कारण हमारे ऊपर परेशानी न आए। ट्रंप की कवायद डी-ग्लोबलाइजेशन या वि-वैश्वीकरण की तरफ एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत से बड़ी मात्रा में पूंजी का पलायन हो रहा है। ऐसे में भारत को चाहिए कि वैश्वीकरण के रास्ते विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के पीछे भागने के स्थान पर अपनी पूंजी को बाहर जाने से रोकने के लिए उचित उपाय करे। यदि हमने इस संभावित चुनौती का सही तरीके से समाधान तलाश लिया तो ट्रंप द्वारा लगाए गए आयात कर हमारे लिए वरदान साबित हो सकते हैं।

# शिक्षा खड़ी बाजार में

**विजय गर्ग**

शिक्षा अपने आप में एक अत्यंत पवित्र शब्द है, जिसके आगे सारी विशेषताएं और दावे अधूरे नजर आते हैं। शिक्षा का प्रभाव हमारे वर्तमान ही नहीं, अतीत पर भी पूरी तरह छाया हुआ था। सच यह है कि शिक्षा को अगर हम किताबी ज्ञान तक सीमित करें, तो यह ठीक नहीं है। इसका स्वरूप किताबी ज्ञान से कहीं ज्यादा है। वर्तमान में शिक्षा बाजार उन्मुख हो गई है। चाहे शिक्षा देने वाले हों या शिक्षा लेने वाले, सभी शिक्षा को धन अर्जित करने का साधन मानकर चलते हैं। आज के दौर में शिक्षा अर्जन का उद्देश्य धनार्जन है। दसवीं, बारहवीं जैसी कक्षाओं के परिणाम तय करते हैं कि बच्चा किस जगह जाना चाहता है। मगर उसकी आंतरिक इच्छा भले ही कुछ और करने की हो, फिर भी उसको जबरदस्ती भेड़चाल में धकेलने की पूरी व्यवस्था समाज में मौजूद है।

ऐसी स्थिति के लिए स्कूल-कालेज के साथ-साथ बच्चों के माता-पिता भी उतने ही जिम्मेदार हैं। बड़े-बड़े कोचिंग केंद्र लोगों को डाक्टर, इंजीनियर, आएएएस आदि बनाने में जुटे हैं, जबकि बच्चे की मर्जी जाने या उसके मन को टटोले बिना कोचिंग केंद्रों में उनके दाखिले करा दिए जाते हैं, भले ही बच्चा दबाव झेलने में सक्षम हो या न हो। समझने की बात यह है कि क्या पढ़-लिखकर केवल अपने उत्थान के लिए कुछ करना हमारे देश के लिए काफी होगा। मूलतः यह सोच ही बाजारीकरण की द्योतक है। पढ़ाई के नाम पर जिस तरह से फीस वसूली जाती है, उससे निर्धन बच्चों का भविष्य आमतौर पर अधर में रह जाता है। हालांकि ऋण सुविधाओं और सरकारी योजनाएं कुछ हद तक इसमें राहत पहुंचाती हैं, लेकिन कुछ लोगों तक ही इनकी पहुंच होती है, बाकी के



सभी इस तंत्र का शिकार बनते हैं। उन्हें छोटी-छोटी नौकरियों के लिए भी काबिल नहीं समझा जाता हिंदी माध्यम के विद्यार्थी के मुकाबले अंग्रेजी माध्यम का विद्यार्थी इसलिए योग्य समझा जाता है, क्योंकि उसका अंग्रेजी का ज्ञान कहीं ज्यादा है।

प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को पता है कि कहां कैसा माहौल है। मगर सब ओर यही स्थिति है कि जहां जैसा चल रहा है, वैसा चलने दो। इतना बड़ा देश है, इतनी सारी समस्याएं हैं, किस-किस पर ध्यान दिया जाए? ऐसी सोच लेकर सभी लोग अपने जीवन को चलाने में विश्वास रख रहे हैं और फिर आज के इस युग में 'मैं क्यों बोलूं' वाली धारणा का प्रचार अधिक ही असर दिखा रहा है। सड़क पर चलते हुए हम बहुत से गरीब बच्चों को देखते हैं। न जाने किसके अंदर कैसी प्रतिभा छिपी है। हमने शिक्षा कि सारी बुनियादी बातों को दरकिनार कर दिया है। सरकारी व्यवस्था सबके लिए समान शिक्षा, अनिवार्य, निशुल्क और शिक्षा की व्यवस्था करती है, लेकिन क्या इन स्कूलों से पढ़े बच्चे उन बच्चों के साथ प्रतियोगिता में खरे उतर सकते हैं जो महंगे स्कूल में पढ़ते हैं? इस व्यवस्था को बदलना आसान काम नहीं है।

शिक्षा श्रेष्ठि वर्ग के लिए प्रतिष्ठा और मान-सम्मान का विषय हो गई है। ऐसे संस्थानों में गरीब प्रवेश ही नहीं कर सकता, जहां कुलीनता ही पहचान है। शिक्षा और आर्थिक जीवन के बीच यह टकराव खतरनाक है। आज नहीं तो कल, कोई ऐसा वक्त भी आ सकता है जब यह बाजारीकृत व्यवस्था अपना एक वर्ग खड़ा कर ले, या फिर ऐसा हो कि उपेक्षित वर्ग इसके खिलाफ खड़ा हो जाए। दोनों ही स्वरूप उचित नहीं है। समाज में संतुलन समाज की आधारभूत आवश्यकता है। नई शिक्षा नीति के जरिए शिक्षा के क्षेत्र काफी परिवर्तन को शामिल किया गया है। जब-जब शिक्षा की नीति में परिवर्तन हुआ है, तब-तब रोजगार का क्षेत्र भी प्रभावित हुआ। 1986 की शिक्षा नीति में तकनीकी क्षेत्र को बढ़ावा दिया गया था। इससे कई रोजगार क्षेत्रों में तेजी दर्ज की गई, तो कहीं भारी गिरावट भी आई। अब एक बार फिर नई शिक्षा नीति प्रस्तावों के मुताबिक कला, विज्ञान, व्यावसायिक विषयों के बीच बहुत अधिक अंतर नहीं होने और इसे बच्चों के लिए शिक्षा को सहज बनाने में सक्षम होने की संभावना जताई जा रही है। इसके तहत, राष्ट्रीय नवाचार अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा स्कूल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। इससे हमारी व्यवस्था में सकारात्मक सुधार की अपेक्षा है।

उच्च शिक्षा की तरफ देखा जाए तो पता चलता है कि उच्च शिक्षा के लिए जो व्यवस्था स्थापित करने का उद्देश्य है, उसमें एक विषय भारत में विदेशी विश्वविद्यालय का भारत में प्रवेश करने का है। सवाल है कि ये विश्वविद्यालय शिक्षा को बेहतर करेंगे या महंगी व्यवस्था को स्थापित करेंगे। यह भविष्य ही बताएगा कि वर्तमान शिक्षा नीति पिछली अव्यवस्थाओं को दूर करने में सक्षम होती है या नहीं। फिर भी इसमें मातृभाषा में शिक्षा को अच्छी पहल कहा जा सकता है। हमारा यही उद्देश्य होना चाहिए कि शिक्षा सर्व समाज के लिए उपलब्ध हो और सस्ती हो। महंगी पढ़ाई केवल कुछ लोगों तक ही पहुंच सकती है।

शिक्षा एक मानवाधिकार है। इस अधिकार की पूर्णता तभी हो सकती है, जब इसे सभी तक बराबर के साथ पहुंचाया जाए। शिक्षा को सरकारों के आने-जाने के क्रम नहीं जोड़ना चाहिए। उद्देश्य यही होना चाहिए कि वह आर्थिक मुद्दों से प्रभावित न हो और न ही किसी अन्य भावना से प्रभावित हो, बल्कि यह उन्मुक्त और सर्वसुलभ और सस्ती होनी चाहिए। बाजारीकरण की संस्कृति से अप्रभावित शिक्षा ही समाज को सुसंस्कृत और समय स्वरूप देने का माद्दा रखती है। हम सभी एक समान शिक्षा की तरफ जाएं और शिक्षा को व्यवसाय न मानकर देश की व्यवस्था का मूल मानें तो जिस तरह से देश के सैनिक सीमा पर डटे रहते हैं, वैसे ही शिक्षक समाज को मिलेंगे और वैसे ही विद्यार्थी भी देश को प्रगति के पथ पर आगे लेकर जाएंगे।

# सांस्कृतिक अवमूल्यन, युवाओं में बढ़ते यौन अपराध

**संजीव ठाकुर**

प्रागैतिहासिक काल से भारतीय संस्कृति सभ्यता में ऐसा लचीलापन है कि अनेक विदेशी सभ्यताओं को हमने आत्मसात कर उन्हें भी अपने रंग में रंग लिया है। उन सब के रंगों में हम भी रंग गए हैं भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन सी हुआ है। और इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंको से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है। वर्तमान समाज में परंपरागत रूप से पुरुषों को ऐसा करते देख उसकी आने वाली पीढ़ी भी अपने महिला संगिनी से दुर्व्यवहार और हिंसा करने से नहीं चूकता है। पुरुष की कुंठा इस कदर बढ़ चुकी है कि वह किसी सुंदर स्त्री को देखकर यह चाहने लगता है कि वह स्त्री उसकी अंक शायनी हो जाए और यदि स्त्री उसके विमुख होती है तो वह उस पर बलात नियंत्रण करने की कोशिश में यौन अपराध की ओर उन्मुख हो जाता है। अपरिपक्व उम्र से ही किशोरावस्था के युवक सेक्सुअल हिंसा के प्रति उन्मुख होने लगे हैं हमें इसकी असली वजह तथा कारण को समझना होगा मोबाइल का इंटरनेट कंप्यूटर लैपटॉप ने इस विकृत संस्कृति को एक खुला आकाश दे दिया है समाज में बढ़ती योन अपराधिक हिंसा के मुख्य कारणों में से एक इंटरनेट मोबाइल और लैपटॉप का घर घर उपलब्ध होना ही है।

मानसिक रूप से अपरिपक्व को बच्चों के पास मोबाइल तथा लैपटॉप तथा इंटरनेट आ चुका है और उससे वह वह वासनात्मक कहानियां, चित्र और फिल्में देखकर युवतियों तथा छोटी-छोटी बच्चियों पर यौन अपराध करने से नहीं चूकते और यही वजह है कि भारतीय संस्कृति विकृत होकर युवकों द्वारा बड़ी संख्या में यौन अपराध किए जा रहे हैं। जिसके कारण महिलाओं की भावना तथा आत्म सम्मान में गिरावट आकर आत्महत्या तक के परिणाम सामने आने लगे हैं।

# मस्जिदों पर लगे अनाधिकृत लाउडस्पीकर हटाए जाएंगे': सीएम देवेंद्र फडणवीस

● महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मस्जिदों पर लगे अवैध लाउडस्पीकर हटाने की बात कही. नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र में मस्जिदों पर लगे अनाधिकृत लाउडस्पीकर हटाए जाएंगे. सीएम देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में यह घोषणा की. भाजपा विधायक अतुल भातखलकर ने अनाधिकृत मस्जिदों पर लगे अनाधिकृत लाउडस्पीकरों पर सवाल उठाया था. विधानसभा बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री ने अनाधिकृत मस्जिदों पर लगे लाउड स्पीकर को लेकर बड़ी घोषणा की. मुख्यमंत्री ने विधानसभा में आश्वासन दिया है कि जिन पुलिस स्टेशन क्षेत्रों में अनाधिकृत मस्जिदों पर लाउडस्पीकर लगे हैं, वहां के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उसे हटाने का काम करेंगे.क्या हुआ विधानसभा मेंः महाराष्ट्र विधानसभा में सोमवार को वित्त मंत्री अजित पवार ने राज्य का बजट पेश किया था. इसके बाद आज मंगलवार को बजट पर चर्चा की जानी थी. इस बीच आज सुबह विपक्ष ने विधान भवन की सीढ़ियों पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया. विधानसभा भवन में प्रश्नोत्तर सत्र के बाद अलार्म बजा. भाजपा विधायक अतुल भातखलकर ने अनाधिकृत मस्जिदों पर अनाधिकृत रुप से लाउडस्पीकर बजाने का मुद्दा उठाया क्या कहा विधायक भातखलकर नेः भाजपा विधायक अतुल भातखलकर ने कहा, मैंने मस्जिदों पर अनधिकृत लाउडस्पीकर का मुद्दा उठाया था. इस समय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले के आधार पर मैंने अनुरोध किया कि अनाधिकृत मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर हटा दिए जाएं।

# फडणवीस ने शिंदे को दिया फिर झटका, आनंद दिघे के नाम पर शुरू योजना की बंद, करोड़ों लोग होंगे प्रभावित

☞ गौरी-गणपति और दिवाली मनाने वालों के लिए एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली सरकार ने बड़ा तोहफा दिया था। इसके तहत सरकार 100 रुपये वाला आनंद शिधा देती थी। इसमें 1 किलो रवा, दाल, चीनी, तेल दिया जाता था। इससे करीब 1.67 करोड़ राशन कार्ड धारकों को फायदा मिला था लेकिन फडणवीस सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया।

## 'आनंद शिधा' योजना अब बंद, सरकार पर वित्तीय दबाव बढ़ा



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महायुति सरकार की लोकप्रिय योजना 'आनंद शिधा' अब बंद कर दी गई है। यह योजना एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के बाद शुरू की गई थी। यह योजना शिंदे के राजनीतिक गुरु आनंद दिघे के नाम पर शुरू की गई थी। इस योजना के माध्यम से त्यौहारी सीजन के दौरान राज्य में 1 करोड़ 63 लाख लोग लाभान्वित हुए। लेकिन अब देवेंद्र फडणवीस सरकार के खजाने पर दबाव के कारण आनंदा राशन योजना को स्थगित कर दिया गया है। दरअसल 'आनंद शिधा' योजना के माध्यम से राशन कार्ड धारकों को त्योहारी सीजन के दौरान एक किलोग्राम सूजी, एक किलोग्राम चीनी, एक किलोग्राम चना दाल और एक लीटर पाम ऑयल दिया जाता है। यह योजना शिंदे सरकार की ओर से गरीबों के त्योहारों को और अधिक खुशहाल बनाने के मकसद से शुरू की गई थी। लेकिन अब फडणवीस सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया है ।शिंदे सरकार की योजना दरकिनारनई सरकार के पहले बजट में आनंद शिधा योजना को दरकिनार कर दिया गया है। इस योजना के माध्यम से दशहरा, दिवाली और गुड़ी पड़वा जैसे त्योहारों के दौरान सिर्फ 100 रुपये में सूजी, चीनी, चना दाल और तेल उपलब्ध कराया गया। एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री बनने के बाद इस योजना की शुरूआत की। लेकिन अब नई सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया है ।क्यों बंद की गई आनंद शिधा योजनाआनंद शिधा राशन योजना बंद होने के पीछे का सटीक कारण अभी तक सामने नहीं आया है। लेकिन चर्चा है कि यह योजना लाडली बहना योजना से प्रभावित हुई है। लाडली बहना योजना के कारण कई योजनाएं स्थगित कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री की माझी लाडकी बहिन योजना ने सरकार के खजाने पर भारी बोझ डाल दिया है। इस साल इस योजना के लिए सरकार का प्रावधान पिछले वित्तीय वर्ष में किए गए प्रावधान से कम है। योजना की शर्तों का सख्ती से क्रियान्वयन किया जा रहा है। इससे महिला लाभार्थियों की संख्या कम हो जाएगी ।लाडली बहना योजना में कोई इजाफा नहींदरअसल यह वादा किया गया था कि यदि महायुति सरकार दोबारा सत्ता में आई तो महिलाओं को दिया जाने वाला प्रीमियम 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये कर दिया जाएगा। लेकिन सोमवार को पेश किए गए बजट में लाडली बहनों को मिलने वाली प्रीमियम राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई।

फास्ट ट्रैक

# पश्चिम रेलवे द्वारा दादर-भुसावल स्पेशल ट्रेन का पालघर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 09051/09052 दादर-भुसावल स्पेशल ट्रेन को पालघर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार विवरण इस प्रकार हैः- 15 मार्च, 2025 से दादर से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09051 दादर-भुसावल स्पेशल को पालघर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन पालघर स्टेशन पर 01.29 बजे पहुंचेगी और 01.31 बजे प्रस्थान करेगी ।इसी तरह, 15 मार्च, 2025 से भुसावल से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09052 भुसावल-दादर स्पेशल को पालघर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन पालघर स्टेशन पर 03.17 बजे पहुंचेगी और 03.19 बजे प्रस्थान करेगी ।ट्रेन के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# रेलवे एलटीटी मुंबई-गोरखपुर के बीच 8 होली विशेष ट्रेन सेवा चलाएगा



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रेलवे यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए एलटीटी मुंबई और गोरखपुर के बीच 8 होली विशेष ट्रेन सेवा चलाएगा, विवरण इस प्रकार हैंः

एलटीटी मुंबई-गोरखपुर होली विशेष (8 सेवा)

05326 विशेष दिनांक 13.03.2025 से 24.03.2025 तक गुरुवार और सोमवार को एलटीटी मुंबई से 10.20 बजे रवाना होगी और अगले दिन 20.00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। (4 सेवा)

05325 विशेष दिनांक 11.03.2025 से 22.03.2025 तक मंगलवार और शनिवार को 19.00 बजे गोरखपुर से रवाना होगी और तीसरे दिन 06.50 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी। (4 सेवा)

ठहराव : ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, रानी कमलापति-भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई-झांसी, उरई, गोविंदपुरी, प्रयागराज, अयोध्या, मनकापुर और खलीलाबाद।

संरचनाः 4 वातानुकूलित-3 टियर, 8 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन।

आरक्षणः विशेष ट्रेन सं. 05326 की यात्राओं के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग दिनांक 12.03.2025 को सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर खुलेगी। इन विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर देखें या NTES ऐप डाउनलोड करें ।यात्रियों से अनुरोध है कि वे इन विशेष ट्रेन सेवाओं का लाभ उठाएं।

# बांग्लादेशियों का जाली दस्तावेज से बर्थ सर्टिफिकेट हासिल करना गंभीर, बॉम्बे हाईकोर्ट ने जताई चिंता

● बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि जाली दस्तावेज से बांग्लादेशियों का बर्थ सर्टिफिकेट हासिल करना बेहद गंभीर है। क्योंकि यह सर्टिफिकेट मिलने पर बांग्लादेशी देश की विभिन्न सरकारी सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए आवेदन कर रहे हैं। इसमें इलेक्शन कार्ड (मतदाता पहचान पत्र) भी शामिल है। यह सब फर्जी दस्तावेज से हासिल किया जा रहा है।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि जाली दस्तावेज से बांग्लादेशियों का बर्थ सर्टिफिकेट हासिल करना बेहद गंभीर है। क्योंकि यह सर्टिफिकेट मिलने पर बांग्लादेशी देश की विभिन्न सरकारी सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए आवेदन कर रहे हैं। इसमें इलेक्शन कार्ड (मतदाता पहचान पत्र) भी शामिल है। यह सब फर्जी दस्तावेज से हासिल किया जा रहा है। यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने मामले में आरोपी एक वकील और पत्रकार की अग्रिम जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है।

### क्या है मामला?

दोनों के खिलाफ नासिक जिले के छावनी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज है। केस में गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए दोनों ने कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दायर की थी। जस्टिस राजेश पाटिल के सामने आरोपियों की बेल अर्जी पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान मुख्य सरकारी वकील हितेन वेणेगांवकर ने कहा कि केस में आरोपियों की चल रही एक बड़ी योजना का पदार्फाश किया गया है। जो एक खास तरीके से चल रही थी।

### 'नागरिकता हासिल करने हो रहा अवैध दस्तावेज का इस्तेमाल'

उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर बांग्लादेशियों को अवैध दस्तावेज दिए जा रहे हैं। इन्हें वे देश की नागरिकता के लिए आवेदन करने के खातिर करते हैं और चुनाव प्रक्रिया में शामिल होते हैं। इसलिए केस की जांच के लिए आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करना जरूरी है। इस तरह सरकारी वकील ने आरोपियों की बेल अर्जी का विरोध किया। मामले को लेकर तहसीलदार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। वहीं एक आरोपी के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल ने कोई फजीर्वाड़ा नहीं किया है। उन्होंने कोई जाली दस्तावेज नहीं बनाया है। जबकि दूसरे आरोपी के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल ने अखबार में सिर्फ बर्थ सर्टिफिकेट से जुड़ी नोटिस को प्रकाशित किया था। पत्रकार को नोटिस के कन्टेन्ट के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

### कैसे किया था फजीर्वाड़ा

इन दलीलों पर जस्टिस पाटिल ने कहा कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि नायब तहसीलदार के एजेंट साथ मिलकर आरोपियों द्वारा फजीर्वाड़ा किया गया है। मामले में स्थानीय महानगर पालिका की मुहर का इस्तेमाल हुआ है। केस के जांच अधिकारी की की रिपोर्ट मुताबिक, 2800 नोटिस अखबार आपत्तियां मांगने के लिए प्रकाशित हुई है। यह कोई सरल केस नहीं है। केस में 12 कथित बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है।

# सगाई के बाद शादी से इनकार, मुंबई में लैब असिस्टेंट ने मंगेतर डॉक्टर पर किया धोखाधड़ी का केस

● मुंबई के भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में एक महिला लैब असिस्टेंट ने एक डॉक्टर के खिलाफ धोखाधड़ी और विश्वासघात का मामला दर्ज कराया है। डॉक्टर ने तीन साल के प्रेम संबंध और सगाई के बाद बिना किसी ठोस कारण के शादी से इनकार कर दिया, जिसके कारण महिला ने कानूनी कार्रवाई की।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में एक महिला लैब असिस्टेंट ने एक डॉक्टर के खिलाफ धोखाधड़ी और विश्वासघात का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता के अनुसार, उसकी मुलाकात आरोपी डॉक्टर से 2021 में एक लैब में हुई थी, जहां दोनों साथ काम करते थे। तीन साल तक प्रेम संबंध में रहने के बाद दोनों ने परिवार की सहमति से सगाई कर ली। हालांकि, कुछ समय बाद आरोपी डॉक्टर ने अचानक शादी से इनकार कर दिया ।युवती के मुताबिक, डॉक्टर ने कहा कि वह उससे शादी नहीं कर सकता क्योंकि उसे लगता है कि वह उसे खुश नहीं रख पाएगा। जब युवती ने इसका कारण पूछा, तो उसने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और सिर्फ इतना कहा कि जो समझना है, समझ लो और अपने परिवार को भी बता दो। इसके बाद वह वहां से चला गया ।पीड़िता के अनुसार, उसने कई बार इस मुद्दे पर डॉक्टर से खुलकर बात करने की कोशिश की, लेकिन वह टालमटोल करता रहा। बीते नौ महीनों से उसका संपर्क सिर्फ एसएमएस के जरिए ही हो रहा था। इस बीच, युवती ने परिवार के बीच मामले को सुलझाने की मांग भी की, लेकिन डॉक्टर ने कोई ठोस जवाब नहीं दिया।

### 'सगाई में हुआ था बहुत खर्च'

पीड़िता का कहना है कि सगाई समारोह में उसके पिता, जो मुंबई पुलिस से रिटायर्ड हैं, ने करीब 1.75 लाख रुपये खर्च किए थे। इसके अलावा, उसने आरोपी को एक महंगा मोबाइल फोन भी गिफ्ट किया था, जिसकी कीमत 70,000 रुपये थी। कुल मिलाकर, उसने करीब ढाई लाख रुपये खर्च किए। लेकिन जब डॉक्टर ने बिना किसी ठोस कारण के शादी से इनकार कर दिया, तो युवती ने खुद को ठगा हुआ महसूस किया। इससे आहत होकर, उसने भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी और विश्वासघात की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी डॉक्टर से पूछताछ की जा रही है।

# पश्चिम रेलवे की दो महिला टिकट चेकिंग कर्मचारियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## पश्चिम रेलवे नारीशक्ति की अदम्य भावना को सलाम करती है

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





मुंबई, भारतीय रेल महिलाओं को सशक्त बनाने में सबसे आगे रहा है, उन्हें अपना कौशल और सामर्थ्य दिखाने के अवसर प्रदान करता है। रेलवे में नारी शक्ति की भूमिका बहुआयामी है और संगठन के विकास और सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में, पश्चिम रेलवे की महिला टिकट चेकिंग कर्मचारियों ने टिकट रहित यात्रा से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति दिखाई है। मुख्य टिकट निरीक्षक/सूरत श्रीमती नयना पटेल और उप मुख्य टिकट निरीक्षक/दादर श्रीमती मल्लिगा, ऐसी दो कर्मचारी हैं, जिन्होंने इस कार्य में अनुकरणीय प्रदर्शन किया है। वे दोनों क्रमशः गैर-उपनगरीय और उपनगरीय खंड में टिकट चेकिंग में सबसे अधिक राजस्व हासिल करने में सफल रही हैं ।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, रेलवे में महिलाओं ने रूढ़ियों को तोड़ा है और खुद को साबित किया है। मुख्य टिकट निरीक्षक श्रीमती नयना पटेल ने 2024 में असाधारण सेवा और कार्य का प्रदर्शन करते हुए अपने दृढ़ संकल्प और बड़े उत्साह के साथ स्वतंत्र रूप से काम करने की क्षमता का परिचय दिया। उनके अथक प्रयासों से पश्चिम रेलवे के गैर-उपनगरीय खंड पर 4,470 से अधिक अनधिकृत यात्रियों का पता लगाकर टिकट जांच से लगभग 33 लाख रुपये की रिकॉर्ड तोड़ आय हुई, जबकि पश्चिम रेलवे के उपनगरीय खंड की देखरेख करने वाली उप सीटीआई/दादर श्रीमती मल्लिगा ने जनवरी से दिसंबर, 2024 तक प्रभावशाली परिणाम प्राप्त किए, टिकट रहित यात्रा के लगभग 7,820 मामलों का पता लगाया और कैलेंडर वर्ष 2024 में 21.50 लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना वसूल किया ।श्री विनीत ने बताया कि श्रीमती नयना पटेल और श्रीमती मल्लिगा की असाधारण समर्पण, सतर्कता और राजस्व संरक्षण तथा यात्री अनुपालन के प्रति प्रतिबद्धता ने अन्य महिला कर्मचारियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिससे उन्हें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और कार्य नीति का अनुकरण करने की प्रेरणा मिली है।

# गर्म रॉड से फोड़ी आंखें, काटा सिर, अत्याचारी औरंगजेब ने संभाजी महाराज को ऐसे मारा कि पढ़कर ही कांप जाएगी रूह

विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' सिनेमाघरों में धूम मचा रही है, जो छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन और साहस की कहानी बयां करती है। शिवाजी के बाद सत्ता संभालने वाले संभाजी के खिलाफ मुगलों की क्रूरता हिला देने वाली है। 11 मार्च को ही औरंगजेब ने संभाजी का सिर कलम कर दिया था।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : विक्की कौशल की नई फिल्म 'छावा' सिनेमाघरों में धूम मचा रही है। इसकी वजह भी साफ है। यह फिल्म छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन, वीरता, साहस और पराक्रम की कहानी बयां करती है। इसने दर्शकों के दिलों में जगह बना ली है। यह अब सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि सबके लिए एक भावनात्मक अनुभव बन गई है। लोग संभाजी महाराज के इतिहास और उनके दर्दनाक अतीत के बारे में पढ़ रहे हैं। आज 11 मार्च के ही दिन संभाजी ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे ।पुणे में इलाका है कसबा। यहीं संभाजी का स्मारक है। संभाजी छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे थे। जब वह महज दो साल के थे,सन 1659 में उनकी मां का निधन हो गया था। वह अपने पिता शिवाजी और दादी जीजाबाई की देखरेख में बड़े हुए। सौतेली मां ने रची साजिशसंभाजी को बचपन से ही संस्कृत भाषा में बहुत दिलचस्पी थी। संभाजी को उनके उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा था लेकिन वह इस बात से अंजान थे कि उनके परिवार में ही क्लेश जन्म ले रहा है। दरअसल शिवाजी की सबसे बड़ी पत्नी सोयराबाई का सबसे बड़ा पुत्र राजाराम था। वह चाहती थीं कि संभाजी की जगह राजाराम शिवाजी का उत्तराधिकारी बने ।शिवाजी ने संभाजी को कारावास में डालासंभा जी की सौतेली मां ने अपने बेटे को राजा बनाने के लिए शिवाजी जी के मन में संभाजी के प्रति जहर घोलना शुरू कर दिया। वह संभाजी को लेकर तरह-तरह की अफवाहें फैलाने लगीं।

उन्होंने पिता-पुत्र के बीच ऐसी खाई बना दी कि शिवाजी ने उन्हें कारावास में डलवा दिया। हालांकि संभाजी यहां से भाग निकले और मुगलों से जा मिले। यहां संभाजी ने जब हिंदुओं के लिए मुगलों की क्रूरता देखी तो वह फिर से अपने राज्य लौट आए।

**मध्य रेल**
**एसी कोचों में लिनन कैबिनेट्स की स्थापना का कार्य**

**कार्य का नाम:** मुंबई डिवीजन के एलटीटी कोचिंग डिपो से संबंधित एसी कोचों में लिनन कैबिनेट्स की स्थापना का कार्य । **अंदाजित मूल्य:** ₹ 47,41,240/- (सैंतालीस लाख इकतालिस हजार दो सौ चालीस रूपये मात्र) **कार्य समापन की तिथि:** 06 माह **बयाना राशि जमा:** ₹94,900/- (चौरानबे हजार नौ सौ रूपये मात्र) **निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति का दिनांक और समय:** 01.04.2025 को 15:00 बजे तक. निविदाएं केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-टेंडरिंग प्रारूप में स्वीकार की जाएंगी। निविदा दस्तावेज वेबसाइट में उपलब्ध है। ''यह निविदा सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 / दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है।''
**खुली निविदा सूचना संख्या.**
**BB.M.LTT.TC.52.Linen.Cabinet.25**
**dated 07.03.2025**
अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे 834

**मध्य रेल**
**सोलापुर विभाग**
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.: सोला/क.वि./नि/2025/05 कार्य का नाम:** 1) मोहोल-दुधनी खंड के अक्कलकोट रोड-नागणसूर के बीच किमी 494/6-7 पर. 2) मोहोल-दुधनी खंड के नागणसूर-बोरोटी के बीच किमी 501/6-7 पर 3) दुधनी यार्ड मे हाइड्रोलिक ब्रिज नंबर 517/3-4 के माध्यम से सार्वजनिक आवाजाही से बचने के लिए किमी 517/8-9 पर और 4) दुधनी-वाडी खंड में कुलाली-गौडगांव के बीच किमी 528/4-5 पर पुशिंग विधि द्वारा प्रस्तावित सबवे के संबंध में विद्युत टीआरडी का कार्य । **कार्य की अनुमानित लागत:** रु 49,36,353.18 **बयाना राशि:** रु 98,700/-; **कार्य पुरा करने की अवधि:** 12 माह । **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन । वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समय: दि. 02/04/2025 को 15.00 बजे ।
**Sr. DEE (TRD), Solapur**
अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे SLP-44

# श्रीराम सेवा संस्थान द्वारा आयोजित हुआ भव्य होली मिलन समारोह

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




वसई - आपसी भाई चारे और प्रेम का संदेश देने वाला एकता सौहार्द का पावन रंगों का पर्व होली के उपलक्ष्य में श्रीराम सेवा संस्थान द्वारा नालासोपारा पूर्व के राजनगर सर्कल के पास आंबेडकर हाल में होली मिलन समारोह बड़ी धूमधाम और भव्यता से मनाया गया ।जिसमें समाज में एकता और भाई चारे पर चर्चा परिचर्चा किया गया ।इस कार्यक्रम में फाग गीत और गीत संगीत का आयोजन किया गया था जिसमें गायक सुशील मिश्र मासूम,दीपक पांडेय,खुशबू मिश्रा, अजय मिश्र की टीम ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। मौजूद गणमान्य लोगों ने गीत संगीत का रसास्वादन किया कलाकारों द्वारा खूब सारी तालियां भी बटोरी गई ।इस मौके पर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर फूलों की होली भी खेली गई ।एक दूसरे को होली की बधाई देते हुए गले से लगाया गया ।कार्यक्रम के आयोजक श्रीराम सेवा संस्थान के अध्यक्ष अतुल तिवारी ने आते हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि हमारी टीम द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है ताकि आपसी भाई चारा कायम रहे और होली हमारी संस्कृति की पहचान है आनंद के साथ होली मना कर संस्कृति को कायम रखने का प्रयास किया जाता है ।इस मौके पर कुंवर शैलेन्द्र प्रताप सिंह चेयर परसन एन ई आई डी सी,पूर्व एडवाईजर झारखण्ड सरकार विश्वनाथ दीनानाथ,ओम प्रकाश दुबे डायरेक्टर दुबे मेडिकल कॉलेज,दिनेश त्रिपाठी शिक्षाविद उद्योगपति विद्याधर मिश्र,विनय दुबे अधिवक्ता हाई कोर्ट दिल्ली,आचार्य पवन त्रिपाठी कोषाध्यक्ष सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट मुंबई,प्रमोद मिश्रा भाजपा नेता,चंद्रकांत मिश्र भवन निमार्ता मनीष दादा जोशी राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्राम्हण सेना,सुरेंद्र मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष राघवेंद्र सेवा मंच,प्रमोद उपाध्याय ब्राह्मण एकता चैरिटी मंच,नागेंद्र तिवारी संस्थापक अध्यक्ष उत्तर भारतीय विकास मंच,मिलिंद घरात पूर्व नगरसेवक वसई विरार महानगरपालिका, महेंद्र पाटिल जिलाध्यक्ष भाजपा,अभय कक्कड़, संदीप मिश्रा जिला सचिव भाजपा वसई विरार शहर,सुनील सिंह महामंत्री उत्तर भारतीय मोर्चा महाराष्ट्र प्रदेश,संजय पांडेय महाराष्ट्र प्रदेश सचिव कामगार अघाड़ी,शीतला प्रसाद तिवारी निदेशक यस यस कालेज,रामकेश यादव प्रबंधक पंचम स्कूल,संतोष शुक्ल डायरेक्टर ओम साई एस्टेट, एडवोकेट विवेकानंद पांडेय,राजेश मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष परशुराम सेना,अशोक ओझा,हरीश मिश्र, डॉ अश्विनी पांडेय,संदीप शुक्ला,भूपेश तिवारी,सुधीर मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## गली से निकलने पर विवाद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नोएडा, रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक दंपति पर हमले का मामला सामने आया है। गांव तिरथली खेड़ा में सोमवार शाम को यह घटना हुई।

पीड़ित पुष्पेंद्र अपने घर की गली से जा रहे थे। इसी दौरान चार लोगों ने उनसे गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पुष्पेंद्र ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर पुष्पेंद्र की पत्नी कविता मौके पर पहुंची। वह पति को बचाने की कोशिश कर रही थीं। इस पर आरोपियों ने कविता के साथ भी मारपीट की। हमले में दंपति घायल हो गए। घायल दंपति को जेवर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुष्पेंद्र की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मध्य रेल**
**सोलापुर विभाग**
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है । **निविदा क्रं.:- सोला/क.वि./नि/2025/06. कार्य का नाम :-** निम्नलिखित के संबंध में विद्युत टीआरडी का कार्य 1) गौडगाव- गाणगापूर रोड के बीच किमी 539/6-7 पर, 2) दुधनी- वाड़ी खंड के गाणगापूर रोड - सावलगी के बीच किमी 541/6-7 पर, 3) दुधनी-वाड़ी खंड के गाणगापूर रोड - सावलगी के बीच पुशिंग तकनीक द्वारा किमी 542/2-3 पर, 4) दुधानी-वाडी खंड में सावलगी - बबलाद के बीच 561/5-6 पर, 5) दुधनी-वाडी खंड में मरतूर - शहाबाद के बीच 590 / 6-7 पर, 6) दुधनी-वाड़ी खंड में पुशिंग तकनीक द्वारा मरतुर-शाहाबाद स्टेशन के बीच 594/1-2, 7) दुधनी- वाड़ी खंड में शहाबाद-वाडी के बीच 595/0-1 पर पैदल यात्रियों के लिए सबवे का प्रावधान । **कार्य की अनुमानित लागत:** रू 86,38,618.06; **बयाना राशि:-** रू 1,72,800/- ; **कार्य पुरा करने की अवधि :-** 12 माह । **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन । **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दि. 03/04/2025 को 15.00 बजे ।
**Sr. DEE (TRD), Solapur**
अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे SLP-45

**मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना : NGP/L/2025/T/02**
**Date: 07.03.2025**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा) मध्य रेल्वे नागपुर, कार्यालय डीआरएम बिल्डिंग नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई- निविदा आमंत्रित किए जाते हैं। **क्र. 1 ई-निविदा सूचना और कार्य का नाम: SCH ए-** डीआरएम बिल्डिंग, नागपुर के द्वितीय तल पर उप वित्त एवं मुख्य लेखा अधिकारी, वरिष्ठ डीईई (जी), उप डीएसटीई (सी), उप मुख्य ईई (सी) कार्यालय में वीआरएफ एयर कंडीशनिंग सिस्टम का प्रावधान। **SCH बी-** एडीईएन (मुख्यालय) एनजीपी के तहत डीआरएम कार्यालय भवन में द्वितीय तल पर वरिष्ठ डीईई (जी) कार्यालय की मरम्मत और नवीनीकरण के संबंध में विद्युत कार्य । **अनुमानित लागत रूपये में:** 7382873.10/- (रुपये तिहत्तर लाख बयासी हजार आठ सौ तिहत्तर और दस पैसे) **बयाना राशि रूपये में:** 1,47,700/- ; **टेंडर डॉक्युमेंट की कीमत रूपये में:** Nil ; **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 3 माह ; यह ऑफर 60 दिनों तक खुला रहेगा। **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय:** 01.04.2025 up to 11.00 Hrs. **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** 01.04.2025 up to 11.15 Hrs. वेब साइट: **www.ireps.gov.in** टेंडर से संबन्धित नोटिस वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा) मध्य रेल्वे नागपुर, कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग नागपुर मे उपलब्ध है । इसके पश्चात किसी भी शुद्धिपत्र को केवल वेब साइट पर देखा जा सकता है।
**व.मं.वि.इं (सामान्य),नागपुर**
अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे NGP-489

## आनंद आश्रम में शिवसेना नेताओं के जन संवाद में सुनी शिकायतें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,ठाणे मनपा क्षेत्र में नागरिकों की विभिन्न समस्याओं को समझने और लोगों से सीधे संवाद करने के लिए, शिवसेना ने आनंद आश्रम में समस्या, सेवा और संतुष्टि पर आधारित 'जन संवाद का आयोजन किया। राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, कल्याण सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे और ठाणे सांसद नरेश म्हस्के के मार्गदर्शन में, शिवसेना के पूर्व महापौर अशोक वैती और पूर्व विपक्षी नेता मनोज शिंदे ने सैकड़ों नागरिकों की शिकायतों का निवारण किया। इस बीच, अशोक वैती और मनोज शिंदे ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आनंद आश्रम में हर मंगलवार को जनसंवाद नियमित रूप से जारी रहेंगा और हर गुरुवार को ठाणे मनपा कर्मचारियों और ठाणे मनपा से संबंधित नागरिकों की शिकायतों, समस्याओं का समाधान किया जाएगा।80 प्रतिशत सामाजिक सरोकार और 20 प्रतिशत राजनीति से जुड़े धर्मवीर आनंद दिघे के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना के 'ठाणे' ठाणे के नारे 'शिवसेना' को बरकरार रखा है। इसी पृष्ठभूमि पर ठाणे में शिवसेना की शाखाओं में वार्ड की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। ऐसे में अब शिवसेना के वरिष्ठ नेताओं ने भी लोगों की समस्याओं को सुनकर संबंधित प्रशासन से समाधान कराकर नागरिकों को राहत देने के लिए जनसंवाद पहल का अहम कदम उठाया है।तदनुसार, शिवसेना के पूर्व महापौर अशोक वैती और पूर्व विपक्षी नेता मनोज शिंदे ने मंगलवार को ठाणे के टेंभीनाका स्थित आनंद आश्रम में समस्या, सेवा और संतुष्टि के आधार पर एक जन संवाद गतिविधि का आयोजन किया।

## अनधिकृत निर्माण स्थलों पर अधिकारियों में उगाही की होड़ आनंद परांजपे का आरोप, मनपा मुख्यालय के सामने कूड़ा फेंकेगी राकांपा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , ठाणे शहर में बड़ी मात्रा में कूड़ा-कचरा जमा होने से आम नागरिक परेशान है।इस मुद्दे को लेकर राकांपा के प्रदेश प्रवक्ता आनंद परांजपे ने कड़ी चेतावनी दी कि यदि तीन-चार दिनों में मनपा प्रशासन ने इस समस्या का समाधान नहीं किया तो राकांपा मनपा मुख्यालय के सामने कचरा फेंकेगी। इसके अलावा, ठाणे मनपा के कुछ अधिकारी मुंब्रा में अनधिकृत निर्माण स्थलों से धन इकट्ठा करने की होड़ में लगे हुए हैं।वे पूछ रहे हैं कि क्या किसी विशेष ठेकेदार के लिए कचरे की समस्या पैदा की जा रही है, जिसे मुंबई मनपा द्वारा काली सूची में डाल दिया गया है। परांजपे ने अपील की कि मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को इस प्रकार का संज्ञान लेकर "स्वच्छ टीएमसी" अभियान चलाना चाहिए। राकांपा अजीत पवार गुट के प्रदेश प्रवक्ता आनंद परांजपे ने आज ठाणे शहर में कूड़े के ढेर से नागरिकों को हो रही असुविधा और मुंब्रा में अनधिकृत निर्माण स्थलों से वसूली के वायरल वीडियो को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की।जिसमें उन्होंने कहा कि ठाणे शहर में कचरा डंपिंग की समस्या का समाधान करने में प्रशासन विफल रहा है और इसके लिए प्रशासन जिम्मेदार है। यह कहते हुए कि वर्षों से सत्ता में रही पार्टी की इस समस्या को हल करने की नैतिक जिम्मेदारी है।आनंद परांजपे ने सवाल किया कि क्या मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस एक विशेष ठेकेदार को ठाणे में ठेका दिलाने के लिए यह खेल खेल रहे हैं, जिसे मुंबई मनपा में 1400 करोड़ रुपये के काम से काली सूची में डाल दिया गया है। आरोप है कि ठाणे में टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद टेंडर नहीं खोला गया है. परांजपे ने




किया।कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो में कुछ रंगदारी मांगने वालों को भागते हुए दिखाया गया था। पिछले दो-तीन सालों से मुंब्रा में बड़े पैमाने पर अनाधिकृत निर्माण कार्य चल रहा है और मुंब्रा में सहायक आयुक्त के तौर पर कौन जाएगा , इसकी होड़ शुरू हो गई है।28 फरवरी को मनपा के एक अधिकारी के सेवानिवृत्त होने के बाद अधिकारियों में उनकी जगह लेने की होड़ मची हुई है। आनंद परांजपे ने अपील की कि आयुक्त सौरभ राव को खान कंपाउंड, सहारा सिटी जैसे इलाकों में जाकर निरीक्षण करना चाहिए जहां अनधिकृत निर्माण हो रहे हैं।पिछले साल विधानसभा सत्र में विधायक डॉ जितेंद्र आव्हाड ने आरोप लगाया था कि मुंब्रा के बिलाल शेख मनपा अधिकारी के लिए रंगदारी वसूल रहे हैं। हालांकि, अब उन्हें पार्टी में वापस ले लिया गया है। ठाणे मनपा के कई अधिकारी वर्षों से एक ही पद पर काम कर रहे हैं। आनंद परांजपे ने मांग की कि मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस को इस प्रकरण जांच करनी चाहिए और नागरिकों को सुशासन देने के लिए 'स्वच्छ टीएमसी' अभियान लागू करना चाहिए। इस मुद्दे को लेकर उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ एनसीपी महासचिव नजीब मुल्ला और अन्य पदाधिकारियों को जानकारी दी जाएगी. साथ ही सख्त कार्रवाई की भी मांग की जायेगी।

फास्ट ट्रैक

## कोंकण संभागीय मान्यता समिति के अध्यक्ष पद पर मनोज जालनावाला की नियुक्ति

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , राज्य प्रत्यायन समिति की बैठक में मान्यता समिति के अध्यक्ष यदु जोशी ने घोषणा की कि पत्रकार मनोज जालनावाला को कोंकण प्रभागीय अधिस्वीकृति समिति के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय कोंकण विभाग की ओर से नवी मुंबई मनपा मुख्यालय के विशेष समिति कक्ष में वरिष्ठ पत्रकार यदु जोशी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया था।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक ,विधायक मंदा म्हात्रे, नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे, मनपा सिटी इंजीनियर शिरीष आर्दवाड उपस्थित थे। साथ ही, राज्य मान्यता समिति के अध्यक्ष यदु जोशी, समिति सचिव और निदेशक ( प्रेस और जनसंपर्क ) दयानंद कांबले, सूचना और जनसंपर्क महानिदेशक हेमराज बागुल, छत्रपति संभाजीनगर निदेशक किशोर गांगुर्डे, नागपुर डिवीजन निदेशक डॉ. गणेश मुले और अन्य समिति सदस्य और अधिकारी उपस्थित थे। कोंकण संभागीय अध्यक्ष एक्शन कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्रीकांत चालके के स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफे के कारण रिक्त अध्यक्ष पद के लिए मान्यता समिति के अध्यक्ष और सदस्यों की सर्वसम्मति से मनोज जालनावाला को कोंकण मंडल मान्यता समिति के अध्यक्ष के रूप में घोषित किया गया। इस अवसर पर मनोज जालनावाला को राज्य के वन मंत्री गणेश नाइक ने सम्मानित किया, जो इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कोंकण संभाग की ओर से मनोज जालनावाला को हार्दिक बधाई दी गई है।

## मानसून के दौरान ट्रैफिक जाम से बचने के लिए गायमुख घाट सड़क की मरम्मत करने का निर्देश




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , वन विभाग की आवश्यक अनुमति के चलते मानसून से पहले गायमुख घाट सड़क का कंक्रीटीकरण करना संभव नहीं है। इसलिए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने निर्देश दिया है कि बारिश के मौसम में इस क्षेत्र में ट्रैफिक जाम से बचने के लिए लोक निर्माण विभाग इस घाट रोड की उचित मरम्मत और डामरीकरण करे। गायमुख घाट से फाउंटेन होटल तक की सड़क मीरा-भायंदर मनपा को हस्तांतरित कर दी गई है। हालांकि लोक निर्माण विभाग ने पहले ही गायमुख घाट को कंक्रीट करने की जिम्मेदारी ले ली है और इसकी टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। लोक निर्माण विभाग ने बताया कि वन विभाग से अनुमति मिलने के बाद कायार्देश दिया जाएगा। इसी पृष्ठभूमि में आयुक्त सौरभ राव ने गायमुख घाट सड़क की मरम्मत व डामरीकरण करने का निर्देश दिया है। घोड़बंदर रोड के नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का समाधान खोजने के लिए आयोजित की जा रही समन्वय बैठक में घोड़बंदर रोड पर 'जस्टिस फॉर घोड़बंदर रोड फोरम' के प्रतिनिधि, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, शहर अभियंता प्रशांत सोनगरा, पुलिस उपायुक्त (यातायात) पंकज शिरसाठ, सहायक निदेशक, शहरी नियोजन संग्राम कानडे, उपनगरीय अभियंता विकास ढोले, विनोद पवार, सुधीर गायकवाड़, शुभांगी केसवानी, उपायुक्त दिनेश तायडे, शंकर पटोले, मधुकर बोडके, कार्यकारी अभियंता संजय कदम ठाणे मनपा के अधिकारी, मीरा-भायंदर और नवी मुंबई के यातायात पुलिस अधिकारी, मेट्रो, महा मेट्रो, एमएमआरडीए, लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।जस्टिस फॉर घोड़बंदर रोड के प्रतिनिधियों ने गायमुख घाट मरम्मत को लेकर मौजूदा स्थिति जानी। चूंकि कंक्रीटिंग का काम मानसून से पहले शुरू नहीं होगा, इसलिए यह सुझाव दिया गया कि यह सुनिश्चित करने के लिए ध्यान रखा जाना चाहिए कि यह सड़क मानसून के दौरान सभी प्रकार के वाहनों के लिए चलने योग्य बनी रहे। साथ ही, प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि चूंकि मेट्रो, सर्विस रोड के एकीकरण और भयंदरपाड़ा और कासारवडवली फ्लाईओवर का निर्माण कार्य प्रगति पर है, इसलिए गायमुख रोड की कंक्रीटिंग को इसमें नहीं जोड़ा जाना चाहिए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मनपा आयुक्त राव ने लोक निर्माण विभाग के साथ-साथ वन विभाग के नागपुर कार्यालय से अनुमति की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के संबंध में वन विभाग ने अधिक जानकारी मांगी है। आयुक्त राव ने निर्देश दिया कि आगामी मानसून सीजन में इस सड़क को डामरीकृत करने का विकल्प है और सार्वजनिक निर्माण विभाग तुरंत उचित कदम उठाए। कसारवडवली फ्लाईओवर के काम को लेकर चर्चा के दौरान कहा गया कि मेट्रो को वहां का सारा काम 30 और 31 मार्च को पूरा कर लेना चाहिए। इसलिए लोक निर्माण विभाग पांच व छह अप्रैल को सड़क की मरम्मत कराए। राव ने यह भी बताया कि उन्हें ट्रैफिक पुलिस की ओर से आवश्यक सहयोग दिया जाएगा। बैठक में यातायात पुलिस की सहायता के लिए नियुक्त वार्डनों की संख्या पर चर्चा की गई। आयुक्त ने मेट्रो और लोक निर्माण विभाग को इस तरह से योजना बनाने का निर्देश दिया कि अधिक से अधिक संख्या में वार्डन उनकी समस्याओं को जानकर और वेतन संबंधी मुद्दों को हल करके सड़कों पर यातायात नियंत्रण के लिए उपयोगी हो सकें। वहीं, आयुक्त राव ने कहा कि घोड़बंदर रोड क्षेत्र में बड़ी हाउसिंग सोसायटी, मॉल, स्कूल और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अपनी सीमा के बाहर यातायात की सुविधा के लिए अपने एक वार्डन को तैनात करें।

### भारी वाहन रात 9 बजे के बाद ही चलें

बरसात के मौसम में भारी वाहनों का आवागमन रात 9 बजे के बाद ही शुरू करना चाहिए। 'जस्टिस फॉर घोड़बंदर रोड' के प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि मुंबई और नवी मुंबई से आने वाले भारी वाहनों को समन्वयित और नियंत्रित किया जाना चाहिए। आयुक्त राव ने कहा कि इस संबंध में परिवहन विभाग आगे चर्चा कर निर्णय ले।

## जीएम मोमिन वीमेंस कालेज भिवंडी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का शानदार आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , यशवंत राव चौहान महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय नासिक द्वारा संचालित केएमई सोसायटी जीएम मोमिन वीमेंस कालेज अध्ययन केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन रईस हाई स्कूल के उर्दू बसेरा हॉल में बड़े उत्साह के साथ किया गया।समारोह की अध्यक्षता के.एम.ई सोसायटी के उपाध्यक्ष एडवोकेट यासीन मोमिन ने की।मुख्य अतिथि के रूप में राबिया गर्ल्स जूनियर कॉलेज की शिक्षिका नसरीन आरिफ शेख, विशेष अतिथि के रूप में रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज के चेयरमैन यासर तातली और प्रिंसिपल जिया-उर-रहमान अंसारी उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरूआत एमए प्रथम वर्ष की छात्रा मारिया वसीउद्दीन द्वारा पवित्र कुरान के पाठ से हुई। जफर आलम जामेई ने मेहमानों का परिचय सहित स्वागत किया। प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी ने उद्घाटन भाषण देते हुए कहा कि दुनिया की कई संस्कृतियों में महिलाओं को सिनफ नाजुक कहा गया है।यह नाजुकता, कमजोरी या दुर्बलता का पर्याय नहीं है। बल्कि, यह एक ऐसा गुण है जो विनम्रता, वफादारी, प्रेम, ईमानदारी, त्याग और स्नेह जैसी शुद्ध भावनाओं का मिश्रण है।समारोह के अध्यक्ष एडवोकेट यासीन मोमिन ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि महिलाओं के लिए कोई एक ही विशेष दिन नहीं होना चाहिए बल्की 365 दिन महिलाओं को समर्पित होने चाहिए। विशिष्ट अतिथि नसरीन आरिफ शेख ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयाँ क्यों न हों, हमें उनका सामना मुस्कुराते हुए करना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। यासर तातली साहब ने महिला शिक्षा, स्वायत्तता और समानता पर बात की।मुहम्मद रफी अंसारी ने कहा कि महिला दिवस की साल दर साल लोकप्रियता महिलाओं की जागरूकता का स्पष्ट प्रमाण है। प्रिंसिपल जवेरिया काजी ने महिला अधिकारों की अवधारणा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह पश्चिम की नही पूर्व की देन है।दैनिक इंकलाब के उप संपादक डॉ.कुतबुद्दीन शाहिद ने माताओं, बेटियों, पत्नियों और बहनों की महानता, समर्पण और बलिदान के बारे में बताया।अध्ययन केंद्र के समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी ने महिलाओं के अधिकारों और उनके सामाजिक-आर्थिक विकास के महत्व पर जोर दिया।समारोह में एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा मोमिन नाजिमा और प्रथम वर्ष की छात्रा सबा सलीम ने अपने विचार व्यक्त किए।एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा खान तरन्नुम और प्रथम वर्ष की छात्रा निदा शकील ने कविताएं प्रस्तुत की।इस अवसर पर सेंटर इंचार्ज सफा आगा,खान जाकिर हुसैन, डॉ. मतीउल्लाह खान, सैयद एजाज हाशमी, फहीम मोमिन, जफर आलम जामयी, डॉ. अबू साद सहित बड़ी संख्या में अध्ययन केंद्र की छात्राएं मौजूद थी। कार्यक्रम का संचालन एम.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अंसारी निदा शकील ने किया।अब्दुल अजीज अंसारी के आभार प्रदर्शन के साथ समारोह सम्पन्न हुआ।

## त्योहारों को लेकर शांतता समिति की होने वाली बैठक समाज में सकारात्मकता लाती है -जगदीश तेजवानी



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर. होली, रोजे और ईद,शिवाजी जयंती आदि त्योहारों को देखते हुए शहर में शांतिव्यवस्था और अमन-ओ-अमान बनाए रखने के लिए ठाणे पुलिस आयुक्तालय द्वारा जिले की सभी पुलिस इकाईयों को निर्देश दिये गए हैं कि आनेवाले त्योहारों को देखते हुए विशेष रूप से 14 मार्च को होने वाले होली पर्व को लेकर पुलिस और पब्लिक को लेकर शांतता समिति की मीटिंग रखी जाए ।इसी विषय में विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पड़वल की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें उल्हासनगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश तेजवानी,परमानंद गेरेजा ,महेश पुरस्वानी , हरेश भाटिया, हरेश निग्गु, आशेले, मानेरे और चिंचपाढ़ा गाँव से एक एक प्रतिनिधी सहित शांतता समिति के सदस्य मौजूद रहे । इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पड़वल ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए आनेवाले त्योहारों में सावधानियां बरतने, सरकारी दिशानिदेर्शों का पालन करने, अप्रिय घटना के होने पर तत्काल उसकी सूचना पुलिस प्रशासन को समय रहते देने की अपील की ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## उल्हासनगर मनपा ने होली की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया

### इको-फ्रेंडली और प्रदूषण मुक्त होली मनाने का संकल्प लें-मनीषा आव्हाले






भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर.आगामी 13 और 14 मार्च को मनाए जाने वाले रंगोत्सव के महापर्व होली को पर्यावरण हितैषी और प्रदूषण रहित मनाए जाने को लेकर मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले और पर्यावरण विभाग ने सभी आम-ओ-खास नागरिकों से अपील की है।सभी नागरिकों से उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार पर्यावरण-अनुकूल होली का त्योहार मनाने की सलाह दी गई है। उल्हासनगर मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले और उपायुक्त (पर्यावरण) विशाखा मोटघरे ने इस संदर्भ में उल्हासनगर मनपा के अंतर्गत आने वाले सभी नागरिकों से आने वाले होली के त्यौहार पर पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण मुक्त वातावरण में होली मनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा पर्यावरण संतुलन बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और हमें अपनी धर्म-संस्कृति और परंपराओं का पालन करते हुए जीवन जीना चाहिए और इसी के अनुरूप तीज-त्योहारों को मनाना चाहिए। मनपा को इको-फ्रेंडली होली मनाने पर सामाजिक संगठनों और पर्यावरण प्रेमियों ने समर्थन दिया है।सभी ने आश्वाशन दिया कि इस बार जिम्मेदार नागरिक बनकर पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण मुक्त होली मनाई जाएगी।पिक हैउच्च न्यायालय के निदेर्शों के अनुपालन के साथ लेते हुए पूर्ण श्रद्धा-आस्था और विश्वास के साथ होली का पर्व मनाया जाएगा।पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण मुक्त वातावरण में रंगपंचमी मनाए जाने पर बल दिया जाएगा।समाज में आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीकों से होली का पर्व मनाएंगे। पुलिस-प्रशासन और नागरिकों के सहयोग से इको-फ्रेंडली होली पर बल दिया जाएगा।मनीषा अव्हाले, उल्हासनगर मनपा आयुक्तमहत्वपूर्ण बिंदुहोलिका दहन के लिए लकड़ी के बजाए गोबर के उपले और अन्य जैविक सामग्री का प्रयोग करे। होली पर पानी के अपव्यय को रोकने के लिए पानी के पाइप के बजाए बाल्टी और मग का इस्तेमाल करे और सूखे रंगों और फूलों से बने प्राकृतिक रंगों से होली मनाने पर बल दिया जाए।ध्वनि प्रदूषण से बचने के लिए तीव्र आवाजों वाले ध्वनि यंत्रों का कम से कम प्रयोग किया जाए ताकि बुजुर्गों,बीमारों और परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को परेशानी न हो। होली पर रासायनिक रंगों के प्रयोग से बचा जाए ताकि त्वचा संबंधी समस्या न हो सके।वृक्षों पर रंग न डाला जाए।सार्वजनिक स्थानों पर मर्यादित आचरण और मधुर भाषा का प्रयोग किया जाए ताकि अराजक तत्वों को माहौल खराब करने का अवसर उपलब्ध न हो सके।इस बार प्लास्टिक के गुब्बारों और थैलियों से बचने का संकल्प लिया जाए और बायोडिग्रेडेबल सामग्री से बने उत्पादों का प्रयोग किया जाए।

## प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करने की पहल

### लालगंज में 'हमारा आंगन-हमारे बच्चे' कार्यक्रम, निपुण विद्यार्थियों का सम्मान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, लालगंज स्थित दुबार कला कंपोजिट विद्यालय में मंगलवार को 'हमारा आंगन-हमारे बच्चे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों और प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीपीओ एसके सिंह ने बताया कि सरकार की इस योजना का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को बुनियादी शिक्षा से जोड़ना है। इससे बच्चे प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश से पहले आवश्यक ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं पहले से बेहतर हुई हैं। खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र त्रिपाठी ने बच्चों को प्रतिदिन नया सीखने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। उन्होंने रोचक लर्निंग वीडियो के माध्यम से अक्षर ज्ञान कराने का सुझाव दिया। त्रिपाठी ने आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालयों के एकीकृत प्रयास को बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के लिए फायदेमंद बताया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश सिंह ने किया। धीरेंद्र प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर दिनेश चौबे, राम जी पंकज, गिरीश सिंह, अरविंद उपाध्याय, प्रियंका द्विवेदी, शीला सिंह, बैजनाथ सिंह, प्रदीप तिवारी, उमाशंकर सिंह समेत कई शिक्षक, अभिभावक और बच्चे मौजूद रहे।

## उल्हासनगर के थाहीरिया सिंह दरबार की हरिद्वार महायात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न

- दरबार प्रमुख जसकीरत सिंह साहिब और त्रिलोचन सिंह साहिब ने संगत के सभी सदस्यों का धन्यवाद दिया।
- हरिद्वार महायात्रा का आयोजन 3 से 7 मार्च के बीच आयोजित किया गया था।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




उल्हासनगर.उल्हासनगर कैंप क्रमांक 3 स्थित धन गुरू नानक दरबार डेरा संत बाबा थाहीरिया सिंह साहिबजी और आदि अम्मा ग्रुप के सौजन्य से 3 से 7 मार्च 2025 की हरिद्वार महायात्रा गुरुनानक जी की कृपा, संत महापुरुषों के आशीर्वाद से और यात्रा में शामिल संगत के सभी सदस्यों के प्यार और सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। दरबार प्रमुख भाईसाहब त्रिलोचन सिंह साहिब (टिल्लू भाईसाहब) ने हरिद्वार महायात्रा के विषय में बताते हुए कहा कि भाईसाब जसकीरत सिंह साहिब जी के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से विगत 11 वर्षों से आयोजित हो रही यात्रा में ये सबसे यादगार यात्रा रही। इसमें 7000 के लगभग संगत के सदस्यों ने हाजिरी लगाई।संगत में उल्हासनगर के साथ साथ देश विदेश से भी लोग आए थे। हरिद्वार महायात्रा के दौरान महान कीर्तन दरबार, नगर कीर्तन और यात्रा के अन्य कार्यक्रमों में बुजुर्गों,महिलाओं और बच्चों ने विशेष उत्साह के साथ शामिल हुए। इस महायात्रा में चौबीसों घंटे पाठ, कीर्तन, लंगर और मेडिकल सेवा का सभी ने लाभ उठाया ।टिल्लू भाईसाहब ने यात्रा में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर सहयोग करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया और आश्वासन दिया के दरबार आगे भी ऐसे ही धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, शैक्षणिक, लोकहितकारी आयोजनों को करता रहेगा।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# पाकिस्तान में पैसेंजर ट्रेन हाईजैक:बलूच आर्मी का दावा-120 यात्री बंधक

## 6 सैनिकों की हत्या, कहा- एक्शन लिया तो बंधक मारे जाएंगे

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी (बी.एल.ए) ने मंगलवार को एक पैसेंजर ट्रेन हाईजैक को कर लिया। बी.एल.ए ने दावा किया कि उसके लड़ाकों ने जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे अपने कब्जे में लेकर 120 यात्रियों को बंधक बना लिया है। ट्रेन क्वेटा से पेशावर जा रही थी। पाकिस्तानी अखबार द डॉन ने बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद के हवाले से रिपोर्ट दी है। शाहिद ने बताया, 'क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर पेहरो कुनरी और गदलार के बीच भारी गोलीबारी की खबरें हैं। इस दौरान 6 सैनिकों की मौत हो गई है।' एक बयान में बी.एल.ए ने कहा कि हमारे लड़ाकों ने माशकाफ, धादर और बोलान में इस ऑपरेशन को प्लान किया है। रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया गया है, जिसकी वजह से जाफर एक्सप्रेस रुकना पड़ा। इसके बाद हमारे लड़ाकों ने इस ट्रेन पर कब्जा कर लिया और यात्रियों को बंधक बना लिया। बंधकों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस,



एंटी-टेररिज्म फोर्स (आईएसआई) और इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के एजेंट्स शामिल हैं, जो पंजाब जा रहे थे। अगर किसी तरह का सैन्य हस्तक्षेप हुआ, तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। हमने महिलाओं, बच्चों और बलूच यात्रियों को छोड़ दिया है और सिर्फ पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के कर्मियों को बंधक बनाया गया है। इस ऑपरेशन का नेतृत्व बी.एल.ए की फिदायीन यूनिट और मजीद ब्रिगेड कर रही है, जिन्हें फतेह स्क्वाड, एसटीओएस और जिराब इंटेलिजेंस विंग का समर्थन प्राप्त है। अगर हमारे खिलाफ कोई मिलिट्री ऑपरेशन करने की कोशिश की गई तो हम सभी बंधकों को मार देंगे। इस कत्ल-ए-आम की जिम्मेदारी पाकिस्तानी सेना की होगी। 14 नवंबर को क्वेटा रेलवे स्टेशन पर ब्लास्ट में 26 लोगों की मौत हुई थी। 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। तब भी हमले की जिम्मेदारी मिलिटेंट ग्रुप बलूच लिबरेशन आर्मी (बी.एल.ए) ने ली थी। इससे पहले 25 और 26 अगस्त 2024 की दरमियानी रात बलूच लिबरेशन आर्मी (बी.एल.ए) ने कोलपुर और माच के बीच एक ब्रिज को उड़ा दिया था। जिसके बाद ट्रेन की सर्विस रोक दी गई थी। 11 अक्टूबर 2024 से ट्रेन सर्विस फिर से शुरू हुई। 16 फरवरी 2023 को भी जाफर एक्सप्रेस में ब्लास्ट हुआ था, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई थी। ब्लास्ट तब हुआ था, जब ट्रेन चिचावतनी रेलवे स्टेशन को पार कर रही थी। हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टी.टी.पी) ने ली थी। बलूचिस्तान में कई लोगों का मानना है कि भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद वे एक आजाद देश के तौर पर रहना चाहते थे।

लेकिन बिना उनकी मर्जी से उन्हें पाकिस्तान में शामिल कर दिया गया था। ऐसा नहीं हुआ इस वजह से बलूचिस्तान में सेना और लोगों का संघर्ष आज भी जारी है। बीबीसी के मुताबिक बलूचिस्तान में आजादी की मांग करने वाले कई संगठन हैं मगर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बी.एल.ए) सबसे ताकतवर संगठन है।

ये संगठन 70 के दशक में अस्तित्व में आया लेकिन 21वीं सदी में इसका प्रभाव बढ़ा है। बी.एल.ए बलूचिस्तान को पाकिस्तानी सरकार और चीन से मुक्ति दिलाना चाहता है। उनका मानना है कि बलूचिस्तान के संसाधनों पर उनका हक है। पाकिस्तान सरकार ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी को 2007 में आतंकी संगठनों की सूची में शामिल किया था।

# अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो बोले- यूक्रेन को जमीन छोड़नी होगी

## कहा- जंग का समाधान चाहिए तो ये करना होगा, बातचीत के लिए सऊदी पहुंचे

एजेंसी

जेद्दाह, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि अगर यूक्रेन जंग का समाधान चाहता है तो उसे अपनी जमीन छोड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। सोमवार को दिए बयान के मुताबिक 2014 से रूस के कब्जे वाले इलाके पर यूक्रेन को रियायत देनी होगी यानी छोड़ना होगा। मार्को के मुताबिक रूस और यूक्रेन को कड़े फैसले लेने के लिए तैयार रहना चाहिए। रुबियो सोमवार सऊदी अरब पहुंचे हैं। वे यहां यूक्रेन के सीनियर अधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी सोमवार को



सऊदी अरब पहुंचे। हालांकि, जेलेंस्की अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो के साथ बैठक में शामिल नहीं होंगे। उनकी टीम इस बैठक में मौजूद रहेगी। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इस बैठक का मकसद 27 फरवरी को ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच हुई तीखी बहस की भरपाई करना है। इसमें यूक्रेन को मिलने वाली अमेरिकी सैन्य मदद और खुफिया जानकारी पर भी चर्चा होगी। जेलेंस्की और रुबियो सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात करेंगे। हालांकि, दोनों के बीच आपस में कोई मुलाकात नहीं होगी। अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद पर रोक लगा दी है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इससे एक अरब डॉलर (8.7 हजार करोड़ रुपए) के हथियार और गोला-बारूद संबंधी मदद पर असर पड़ सकता है। इन्हें जल्द ही यूक्रेन को डिलीवर किया जाना था। ट्रम्प के आदेश के बाद उस मदद को भी रोक दिया गया है, जिसका इस्तेमाल यूक्रेन सिर्फ अमेरिकी डिफेंस कंपनियों से सीधे नए सैन्य हार्डवेयर खरीदने के लिए कर सकता है। अमेरिकी सहायता रोके जाने पर राष्ट्रपति जेलेंस्की की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने सीएनएन से कहा कि यह साफ है कि फैसला जेलेंस्की के बुरे बर्ताव की वजह से उठाया गया। उन्होंने कहा कि अगर जेलेंस्की जंग को खत्म करने के लिए बातचीत की कोशिश करते हैं, तब शायद ये रोक हटाई जा सकती है।

# ट्रम्प खरीदेंगे टेस्ला कार

## कंपनी के शेयर 15% गिरने पर कहा- अमेरिका के लिए मस्क ने सब दांव पर लगाया, लोग उन्हें ही नुकसान पहुंचा रहे

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऐलान किया है कि वे टेस्ला कार खरीदने वाले हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा कि ऐसा करके वे टेस्ला चीफ और डीओजीई प्रमुख इलॉन मस्क के लिए भरोसा और समर्थन दिखाना चाहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में मस्क को महान अमेरिकी भी बताया। इस पर मस्क ने थैंक यू प्रेसिडेंट लिखकर जवाब दिया। दरअसल, सोमवार को टेस्ला के शेयरों में 15% की गिरावट आई, इसके चलते कंपनी का मार्केट कैप 4 लाख करोड़ रुपए घट गया है। ये सितंबर 2020 के बाद कंपनी का सबसे बड़ा एक दिन का नुकसान है। 2025 में अब तक टेस्ला के शेयर 45% गिर चुके हैं। मस्क की कुल



संपत्ति में भी जनवरी से अब तक 130 अरब डॉलर की गिरावट आई है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा- सभी रिपब्लिकन, कंजर्वेटिव और सभी अमेरिकियों से कहना चाहता हूं कि इलॉन मस्क हमारे देश की मदद करने के लिए अपना कुछ दांव पर लगा रहे हैं और वे बहुत ही उम्दा काम कर रहे हैं। टेस्ला कार बनाने वाली दुनिया की बेहतरीन कंपनियों में शामिल है और ये इलॉन के बच्चे जैसी है। ट्रम्प ने कहा कि 2024 के चुनाव में मेरे साथ भी ऐसा ही करने की कोशिश की गई थी। लेकिन उसका क्या नतीजा निकला? कल किसी भी इवेंट में मैं नई टेस्ला कार खरीदूंगा और इलॉन के लिए अपना भरोसा और सपोर्ट दिखाऊंगा। वे सच में महान अमेरिकी हैं। अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए वे अपनी स्किल्स का पूरा इस्तेमाल कर रहे हैं, इसके लिए उन्हें सजा क्यों दी जाए

# योगी ने मचाया नेपाल में तहलका, सड़कों पर उतरे हजारों लोग, भारत हैरान

एजेंसी

भारत के पड़ोसी देश नेपाल की सड़कों पर हजारों लोग एक बड़ी क्रांति के लिए निकल पड़े हैं। लेकिन इस महाक्रांति में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें लहराई जा रही हैं। सीएम योगी को लेकर नेपाल में जबरदस्त चर्चा हो रही है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में इसका दावा किया जा रहा है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि नेपाल में हजारों लोग सड़कों पर क्यों उतर आए हैं और इनके हाथों में सीएम योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें क्यों हैं? दरअसल, नेपाल के लोग चीन समर्थक वामपंथी सरकारों से परेशान हैं। नेपाल के इन लोगों का मानना है कि




उनका देश राजशाही से लोकतंत्र तो बन गया लेकिन लोकतंत्र सिर्फ नाम का रह गया है। अब इन लोगों ने नेपाल में दोबारा राजशाही लाने का फैसला कर लिया है। हजारों की भीड़ ने राजधानी काठमांडू में नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह का स्वागत किया। लोगों ने राजशाही को फिर से बहाल करने और हिंदू धर्म को राज्य धर्म के रूप में फिर लाने की मांग की। ज्ञानेंद्र शाह के करीब 10,000 समर्थकों ने पश्चिमी नेपाल के दौरे से आने पर काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनैशनल एयरपोर्ट के मेन एंट्री गेट को जाम कर दिया। 1769 से चली आ रही राजशाही के आखिरी राजा ज्ञानेंद्र की। साल 2008 में राज-तंत्र खत्म कर दिया गया और 28 मई को देश को फेडरल डेमोक्रेटिक रिपब्लिक घोषित कर दिया गया।

**हजारों की भीड़ ने राजधानी काठमांडू में नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह का स्वागत किया। लोगों ने राजशाही को फिर से बहाल करने और हिंदू धर्म को राज्य धर्म के रूप में फिर लाने की मांग की। ज्ञानेंद्र शाह के करीब 10,000 समर्थकों ने पश्चिमी नेपाल के दौरे से आने पर काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनैशनल एयरपोर्ट के मेन एंट्री गेट को जाम कर दिया।**

# अस्पतालों में मुसलमानों के लिए हो अलग वार्ड ...

एजेंसी

भाजपा की तेजतर्रार महिला विधायक केतकी सिंह ने उस समय विवाद खड़ा कर दिया जब उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि मेडिकल कॉलेज में मुसलमानों के लिए एक अलग विंग और भवन बनाया जाए ताकि हिंदू सुरक्षित रह सकें। यूपी बजट में बलिया को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलने के बाद बीजेपी विधायक केतकी सिंह ने कहा कि मुसलमानों को होली, रामनवमी और दुर्गा पूजा से दिक्कत होती है


**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति**

ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या एस/15/2025 दिनांक 11.03.2025

| क्र0सं | वस्तु का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टीओडी |
|---|---|---|---|
| 130 | तेल शीतलन रेडिएटर | 15 नं | 07 अप्रैल 25 |
| 131 | पीएससी स्लीपर्स पर बीजी 60किग्रा रेल के लिए 12 में 1वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग | 834सेट | 07 अप्रैल 25 |
| 132 | चेन टेंशनिंग सिलेंडर | 2 नग | 10–अप्रैल–25 |
| 133 | स्फ़ेरो इलास्टिक रबर | 127 नग | 11–अप्रैल–25 |
| 134 | 3 फ़ेज़ लोकोमोटिव के लिए इलास्टिक रिंग | 279 नग | 11–अप्रैल–25 |
| 135 | माइक्रोप्रोसेसर आधारित नियंत्रण और दोष निदान प्रणाली | 80 सेट | 14–अप्रैल–25 |
| 136 | किट ड 36 बदलना ज़रूरी है | 20 सेट | 18–अप्रैल–25 |
| 137 | PSC स्लीपर पर 60 किग्रा रेल के लिए ग्लूड जॉइंट | 2000 नग | 18–अप्रैल–25 |
| 138 | टॉप साइड बियरर लाइनर | 6697 नग | 21–अप्रैल–25 |

शुद्धिपत्र

कृपया निविदा सूचना संख्या एस–10–2025 दिनांकः–10.02.2025 क्रमांक 80 के लिए नियत तिथि को "20.03.2025" पढ़ें।

विस्तृत सूचना, ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www-ireps-gov-in और wr-indianrailways-gov-in पर जाएं।

हमें लाइक करें:facebook.com/WesternRly 1170


# दिल्ली में नई सरकार के गठन के बाद एनडीएमसी की बड़ी बैठक, प्रवेश वर्मा भी हुए शामिल, लिए गए बड़े फैसले



एजेंसी

दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली चुनाव के बाद पहली बार एनडीएमसी परिषद की बैठक हुई और इसमें काफी सार्थक चर्चा हुई। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि अगले 6-8 महीनों में 9,000 नए पानी के कनेक्शन लगाए जाएंगे, जिससे 4,700 लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने सस्ती बिजली खरीदने के विकल्पों पर भी विचार किया है और एनडीएमसी में साफ-सुथरी सड़कें सुनिश्चित करने के लिए अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा। वर्मा ने कहा कि दिल्ली चुनाव के बाद आज एनडीएमसी परिषद की पहली बैठक थी। काफी सार्थक चर्चा हुई। यहां 34 झुग्गी-झोपड़ियां हैं जहां पानी की समस्या है। अगले 6-8 महीनों में 9,000 नए पानी के कनेक्शन लगाए जाएंगे, जिससे 4,700 लोगों को फायदा होगा। यह बहुत बड़ा फैसला है। हमने सस्ती बिजली खरीदने के विकल्पों पर भी विचार किया है। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी में साफ-सुथरी सड़कें सुनिश्चित करने के लिए अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा। एनडीएमसीक्षेत्र को CCTV कैमरों से लैस किया जाएगा। वर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में हम यमुना के पुनरुद्धार और इसके डूब क्षेत्र की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्षों के अवैध अतिक्रमण और कचरा फेंके जाने के कारण यमुना नदी अवरुद्ध हो गई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी इस संबंध में प्रादेशिक सेना के साथ औपचारिक संवाद करेंगी। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार कार्य बल की तैनाती के लिए पूर्ण रूप से धन मुहैया कराएगी, जो नियमित गश्त, अनधिकृत निर्माण को रोकने और यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा कि नदी के किनारों पर कचरा और निर्माण कार्य का मलबा न फेंका जाए।

**वर्मा ने कहा कि दिल्ली चुनाव के बाद आज एनडीएमसी परिषद की पहली बैठक थी। काफी सार्थक चर्चा हुई। यहां 34 झुग्गी-झोपड़ियां हैं जहां पानी की समस्या है। अगले 6-8 महीनों में 9,000 नए पानी के कनेक्शन लगाए जाएंगे, जिससे 4,700 लोगों को फायदा होगा।**

# कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव से जुड़े सोने की तस्करी मामले में बेंगलुरु के होटल व्यवसायी का पोता गिरफ्तार

एजेंसी

कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव द्वारा सोने की तस्करी के मामले में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) जांच में जुटी हुई है। इस मामले में डीआरआई की टीम ने बेंगलुरु में बड़ा एक्शन लिया है। टीम ने अटरिया होटल के मालिक के पोते तरुण राजू को गिरफ्तार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तरुण राजू की गिरफ्तारी तब हुई

## मायावती बोंली- होली और रमजान पर्व पर किसी भी मुद्दे को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने मंगलवार को कहा कि होली तथा रमजान पर्व पर किसी भी मुद्दे को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं है।


**पश्चिम रेलवे**

स्थगन सूचना

निविदा संख्या BCT&24&25&304 दिनांक 06–03–2025 का स्थगन निम्नानुसार हैः वर्तमान स्थितिः प्रस्तुत करने की तिथि और समयः 01–04–2025, 15.00 बजे तक; खुलने की तिथि और समयः 01–04–2025 को 15.30 बजे; पढ़ें प्रस्तुत करने की तिथि और समयः 08–04–2025, 15.00 को बजे तक; खुलने की तिथि और समयः 08–04–2025 को 15.30 बजे; अन्य सभी विवरण समान रहेंगे। 1171

हमें लाइक करें:facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न मरम्मत कार्य**

**मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्र–400008** ई–निविदा आमंत्रित करता है सूचना क्रमांकः **बीसीटी/24– 25/305 दिनांक 10/03/2025;** कार्य का नामः (1) जोरावासन–सूरतः अनुभाग – **एसएसई–डब्ल्यू–बीआईएम** खंड के तहत सेवा भवनों और अन्य महत्वपूर्ण स्टेशन भवनों की सामान्य मरम्मत (2)जोरावासन–सूरतःअनुभाग – **एसईई/डब्ल्यू/बीआईएम** खंड के तहत महत्वपूर्ण सेवा भवन, क्वार्टर, स्टील संरचनाओं, यानी फुट ओवर ब्रिज (एफओबी), कवरशेड, पुल के हिस्सों की पेंटिंग (3) जोरावासन–सूरतः अनुभाग – **एसएसई/डब्ल्यू/बीआईएम** खंड के तहत मौजूदा जीर्ण स्टाफ के लिए सामान्य मरम्मत और छत रिसाव उपचार (4) जोरावासन–सूरत खंडः कार्य की अनुमानित लागतः **5,47,11,618.54;** ईएमडीः **423600.00;जमा करने की तिथि और समयः** 04/04/2025, को 15:00 बजे तक; **खुलने की तिथि और समयः** 04/04/2025 को 15:30 बजे; अधिक जानकारी के लिए कृपया www-ireps-gov-in पर जाएं

1168

हमें लाइक करें:facebook.com/WesternRly

**बृहन्मुंबई नगर निगम**

ई–निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत) |
| उप विभाग | उप मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत) ई.सब |
| ई–निविदा सं. | 2025 MCGM 1158920 1 |
| विषय | एम/ईस्ट वार्ड में ट्विन पंजरपुर सुरंगों पर प्रकाश प्रभाव में सुधार के साथ–साथ मामूली मरम्मत और नवीनीकरण। |
| निविदा बिक्री | बोली प्रारंभ तिथिः 12.03.2025 समय 11.00 बजे<br>बोली समाप्ति तिथिः 18.03.2025 समय 16.00 बजे |
| web Site | www.mahatenders.gov.in |
| अधिकारी से संपर्क करें | |
| नाम | श्री आशीष आर. पेरेकर |
| बी) कार्यालय टेलीफोन | |
| सी) मोबाइल नंबर | 9920295007 |
| डी) ई–मेल पता | Se05es.me@mcgm.gov |

(श्री वी.के. म्हात्रे)
पूर्व इंजी.(एम एंड ई)ई.एस.

पीआरओ/2775 विज्ञा0/2024.25

**पश्चिम रेलवे – भावनगर मण्डल**

**विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य**

**सं. W/118/NIT/E-Tender/2024-25/WA/47 दिनांक: 10/03/2025. निविदा सं. 221-2024-25-R से 233-2024-25.** मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम रेलवे, भावनगर परा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | निविदा मूल्य (₹) | ईएमडी (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 221-2024-25-R | डीईएन (पूर्व) क्षेत्राधिकार: स्वीकृत कार्य के विरुद्ध 5187 एफबी वेल्ड (1) भावनगरडिवीजन - आईएसडी (डीप स्क्रीनिंग के साथ) द्वारा लूप लाइनों का सुदृढ़ीकरण और एलडब्ल्यूआर -51.470 टीकेएम में रूपांतरण (2) भावनगर डिवीजन 2 से 4 डिग्री कर्व पर एसडब्ल्यूआर से एलडब्ल्यूआर में रूपांतरण (3) भावनगर डिवीजन - प्रमुख और महत्वपूर्ण पुलों पर टीआरआर (पी) - 20.808 टीकेएम (4) ढोला - भावनगर टर्मिनस, सिहोर - पलिताना और साबरमती-बोटाड सेक्शन: वेल्ड नवीनीकरण के माध्यम से, (5) भावनगर डिवीजन:- ढोला - भावनगर सेक्शन: 06 स्थानों पर यार्ड में सुधार। | 6,34,57,834.40 | 4,67,300.00 |
| 02 | 222-2024-25 | भावनगर डिवीजन:- पीआरसीएल सेक्शन को छोड़कर डेन ईस्ट सेक्शन में टीएफआर | 1,20,44,215.53 | 2,10,200.00 |
| 03 | 223-2024-25 | 25000 क्यूम, 50 मिमी आकार की मशीन क्रश्ड स्टोन गिट्टी की आपूर्ति ढासा डिपो में और पीआरसीएल सेक्शन के लिए ढासा डिपो में हॉपर वैगनों में लोडिंग। | 1,91,90,587.50 | 2,46,000.00 |
| 04 | 224-2024-25-R | भावनगर टर्मिनस: रेलवे स्टेशन पर बीवीसी पिट लाइन की ड्रेनेज प्रणाली, पेडेस्टल, कैटवॉक, पाइपलाइन आदि की मरम्मत। | 1,09,31,874.59 | 2,04,700.00 |
| 05 | 225-2024-25-R | सीनियर डीईएन (सेंट्रल) बीवीपी क्षेत्राधिकार: भावनगर डिवीजन के स्वीकृत कार्य के विरुद्ध ट्रैक माउंटेड ऑटोमैटिक गेज फेस लुब्रिकेटर (36 नग) कर्व्स उपलब्ध कराना - ट्रैक माउंटेड ऑटोमैटिक गेज फेस लुब्रिकेटर उपलब्ध कराना | 3,46,97,548.80 | 3,23,500.00 |
| 06 | 226-2024-25-R | स्वीकृत कार्य के अंतर्गत 5233 एफबी वेल्ड की वेल्डिंग 1) भावनगर डिवीजन - आईएसडी (डीप स्क्रीनिंग के साथ) द्वारा लूप लाइनों का सुदृढ़ीकरण और एलडब्ल्यूआर - 51.470 टीकेएम में रूपांतरण 2) राजुला - महुवा (एसएल) - टीआरआर (पी) - 12.000 टीकेएम 3) भावनगर डिवीजन - 2 से 4 डिग्री कर्व पर एसडब्ल्यूआर को एलडब्ल्यूआर में रूपांतरण 4) भावनगर डिवीजन - प्रमुख और महत्वपूर्ण पुलों पर टीआरआर (पी) -20.808 टीकेएम 5) राजकोट-जेतलसर सेक्शन: वीरपुर, गोंडल, रिबडा और जेतलसर जंक्शन पर यार्ड का सुधार और उन्नयन। | 6,71,99,682.05 | 4,86,000.00 |
| 07 | 227-2024-25-R | डीईएन (पश्चिम) भावनगर क्षेत्राधिकार:- स्वीकृत कार्य के विरुद्ध 9604 नग एफबी वेल्ड की वेल्डिंग:-(1) भावनगर डिवीजन: आईएसडी (डीप स्क्रीनिंग के साथ) द्वारा लूप लाइनों का सुदृढ़ीकरण और एलडब्ल्यूआर-51.470 टीकेएम में रूपांतरण। (परियोजना आईडी: 15.02.31.24.3. 51.007)।(2) जेतलसर जंक्शन - सोमनाथ (एसएल) -टीआरआर (पी) - 26.000 टिकेएम (परियोजना आईडी:15. 02.31.24.3.51. 002)।(3) भावनगर डिवीजन - 2 से 4 डिग्री वक्र पर एसडब्ल्युआर को एलडब्ल्युआर में परिवर्तित करना।(प्रोजेक्ट आईडी:15.02.31.24.3.51.006)।(4) भावनगर डिवीजन - प्रमुख और महत्वपूर्ण पुलों पर टीआरआर (पी) - 20.80 टीकेएम। (प्रोजेक्ट आईडी: 15.02.31.24.3.51.010)।(5) एडीईएन पोरबंदर- भावनगर डिवीजन के स्वीकृत कार्य के विरुद्ध आईएसडी द्वारा लूप लाइनों का सुदृढ़ीकरण (डीप स्क्रीनिंग के साथ) और एलडब्ल्यूआर 14.070 टीकेएम में रूपांतरण:- आईएसडी (डीप स्क्रीनिंग के साथ) द्वारा लूप लाइनों को मजबूत करना और एलडब्ल्यूआर-37.887 टीकेएम में रूपांतरण (प्रोजेक्ट आईडी: 15.02.31.22.1.51.002)। | 11,92,47,531.56 | 7,46,200.00 |
| 08 | 228-2024-25 | सहायक मंडल अभियंता-बोटाडउपखंड: विभिन्न स्थानों गैंग हट्स, स्टाफ कॉलोनी आदि पर पोर्टेबल पानी की आपूर्ति, ठेकेदार के पास दो वर्ष (24 महीने) की अवधि के लिए सभी व्यवस्थाएं। | 1,63,47,411.79 | 2,31,700.00 |
| 09 | 229-2024-25 | डीईएन (पूर्व) क्षेत्राधिकार:- एक अतिरिक्त परत प्रदान करके गैर-इंटरलॉक किए गए लेवल क्रॉसिंग की सुरक्षा सुविधाओं में सुधार। | 47,88,333.29 | 95,800.00 |
| 10 | 230-2024-25 | भावनगर डिवीजन:- ढोला-भावनगर सेक्शन: 06 स्थानों पर यार्डों में सुधार। | 5,53,25,510.19 | 4,26,600.00 |
| 11 | 231-2024-25 | डीईएन (पश्चिम) भावनगर क्षेत्राधिकार: स्वीकृत कार्य के विरुद्ध ग्लूड जोड़ों के 1533 सेटों का प्रतिस्थापन:- 1) भावनगर डिवीजन:- ग्लूड जोड़ों के 2977 सेटों का प्रतिस्थापन। (15.02.31.24.3.51.005) 2) भावनगर डिवीजन - 2 से 4 डिग्री कर्व पर एसडब्ल्युआर को एलडब्ल्युआर में बदलना। (प्रोजेक्ट आईडी 15.02.31.24.3.51.006) 3) भावनगर डिवीजन टीआरआर (पी) - प्रमुख और महत्वपूर्ण पुलों पर 20.808 टीकेएम। (प्रोजेक्ट आईडी 15.02.31.24.3.51.010) | 6,42,84,091.27 | 4,71,400.00 |
| 12 | 232-2024-25 | भावनगर संभाग:- वेरावल - विभिन्न स्थानों पर एआरटी/एआरएमई और एसपीएआरटी के लिए आवश्यक बुनियादी ढाँचा सुविधाएँ और उपकरण। | 51,47,930.25 | 1,03,000.00 |
| 13 | 233-2024-25 | पोरबंदर:- लाइन क्रमांक 09 का सीटीआर | 59,34,255.41 | 1,18,700.00 |

**उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए: बिडींग प्रारंभ की तिथि: दि. 18/03/2025. बिडींग समापन की तिथि: दि. 01/04/2025. एनआईटी रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 10/03/2025 को अपलोड की गई है।** 215

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें: x.com/WesternRly

## संक्षेप

### हेज के लिए पत्नी को घर से निकाला

**6 लाख का दहेज देने के बाद भी और मांग, पति समेत 7 लोगों पर केस**

सुलतानपुर, दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को उसके ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया। पीड़िता कादीपुर के ग्राम त्रिलोकपुर नेवादा की रहने वाली है। पीड़िता की शादी 14 मई 2021 को सूर्यभान धुरिया से हुई थी। शादी में पीड़िता के पिता ने 6 लाख रुपए का दहेज दिया। इसके बावजूद ससुराल वालों ने और दहेज की मांग शुरू कर दी। वे कूलर, फ्रिज, वाशिंग मशीन, गोदरेज आलमारी और सोफा सेट की मांग करने लगे। 5 जुलाई 2024 को सुबह करीब 9 बजे पति, सास, ससुर और देवर ने पीड़िता से मारपीट की। उसके जेवरात और कपड़े छीनकर घर से बाहर निकाल दिया। पति सूर्यभान उसे जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर मायके छोड़ गया। उसने जान से मारने की धमकी भी दी। सूर्यभान ने पीड़िता को बताया कि वह अपनी प्रेमिका गुड़िया से दूसरी शादी करेगा। उससे उसे ज्यादा दहेज मिलेगा। पीड़िता के माता-पिता ने समझाने की कोशिश की। लेकिन ससुराल वाले उसे वापस लेने को तैयार नहीं हुए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति सूर्यभान, देवर, सास, ससुर समेत 7 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल एके सिंह ने बताया कि केस दर्जकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### परीक्षा के बाद छात्र पर हमला

**सीबीएसई बोर्ड परीक्षार्थी को बाइक सवारों ने पीटा, घायल छात्र ने पुलिस से गुहार लगाई**

हसनपुर, एचएसएस पब्लिक स्कूल में एक छात्र के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। कस्बा उझारी के शाही चौक निवासी कामिल पुत्र इदरीस सीबीएसई बोर्ड इंटर की परीक्षा देकर जब स्कूल से बाहर निकला। इस दौरान कुछ बाइक सवार युवकों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने छात्र पर बेल्ट से हमला किया और लात-घूंसों से पीटा। स्थानीय लोगों के पहुंचने से पहले ही आरोपी छात्र को घायल कर फरार हो गए। घायल छात्र ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़ित छात्र को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है।

### भाजपा नेता के भाई को दुकान से उठाकर पीटा

**हसनपुर रात में सिलाई कर रहे व्यापारी को पुलिस ने बनाया निशाना**

हसनपुर, रहरा थाना क्षेत्र में पुलिस की दादागीरी का मामला सामने आया है। भाजपा के सेक्टर संयोजक अनिल सैनी के भाई राजकुमार सैनी के साथ पुलिसकर्मियों ने मारपीट की। राजकुमार गांव गंगवार में टेलरिंग की दुकान और जन सेवा केंद्र चलाते हैं। होली और ईद के कारण राजकुमार अपनी दुकान में कपड़ों की सिलाई कर रहे थे। इसी दौरान रहरा थाने के दरोगा इंद्रजीत सिंह और सिपाही प्रेम शंकर व विजेंद्र सिंह वहां पहुंचे।

# कछारी इलाकों में धधक रहीं शराब की भट्टियां

## मांडा, घूरपुर, नैनी के गांवों में छापेमारी, भट्टियां तोड़ी; नावों पर लदी शराब बरामद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, होली करीब हो तो शराब की बिक्री उफान पर होती है। इसी में कच्ची शराब की भट्टियां भी बड़े पैमाने पर संचालित होने लगती हैं। खपत बढ़ने की वजह से शराब माफिया कछारी इलाकों में भट्टियां लगाकर कच्ची शराब तैयार कर सप्लाई करने लगते हैं। प्रयागराज के यमुनापार और गंगापार इलाके में यह धंधा बड़े पैमाने पर चलता है। होली से पहले पुलिस और और आबकारी विभाग की टीमें छापेमारी करने लगी हैं। कछारी इलाकों में शराब बनाने और बेचने वालों की तलाश में पुलिस और आबकारी टीमों ने बोट का सहारा लिया। पुलिस टीम बोट से कछारी इलाकों में पहुंची। यमुनापार में यमुना नदी के किनारे कई भट्टियों को पुलिस और आबकारी टीम ने पकड़ा। भट्टियों को नष्ट कर शराब बरामद करने का सिलसिला जारी है। मांडा इलाके में तो कछार में शराब बनाकर नावों से सप्लाई की जा रही थी। पुलिस ने बड़े पैमाने पर कच्ची शराब बहा दी। हालांकि शराब बनाने वाले माफिया निकल भागे। टीमों ने मांडा के कुदर, पियरी, दिघिया व बामपुर खटीकन में छापेमारी की। यहां शराब की चार भट्टी तोड़ी गई।

50 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब बरामद की गई। साथ ही 5 कुंतल लहन को मौके पर नष्ट किया गया। इसी प्रकार घूरपुर के बसवार, बीकर, देवरिया व कंजासा में 2 शराब की भट्ठियां, शराब बनाने के उपकरण व लगभग 7 कुंतल लहन को मौके पर नष्ट किया गया। नैनी के कछार एरिया में शराब बनाने के उपकरण, शराब भट्टी व लगभग 04 कुंतल लहन को मौके पर नष्ट किया गया।

# खड़ी ट्रक में टकराई 2 डीसीएम

## दोनों ड्राइवरों की मौत, एक कानपुर तो दूसरा सुल्तानपुर का रहने वाला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, उतराव थाना क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। बलीपुर सब्जी मंडी के सामने सुबह तड़के 3 बजे खड़ी ट्रक में दो डीसीएम वाहन पीछे से जा टकराए। हादसे में दोनों डीसीएम चालकों की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक चालकों की पहचान कानपुर के सूरज मिश्रा (25) और सुल्तानपुर के जगदीश प्रसाद (32) के रूप में हुई। सूरज मिश्रा अपनी डीसीएम में टायर लादकर और जगदीश प्रसाद कोल्ड ड्रिंक लेकर कानपुर से वाराणसी जा रहे थे। हादसे के समय सूरज मिश्रा की डीसीएम आगे चल रही थी।

बलीपुर सब्जी मंडी के पास उनकी डीसीएम खड़ी ट्रक से टकरा गई। पीछे आ रही जगदीश प्रसाद की डीसीएम भी सूरज की डीसीएम से जा भिड़ी। पुलिस ने गैस कटर और जेसीबी की मदद से कई घंटों की मशक्कत के बाद दोनों चालकों के शव बाहर निकाले। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अंधेरे का फायदा उठाकर खड़ी ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 24 घंटे डॉक्टर्स की टीम तैनात




- दवाओं का पर्याप्त स्टॉक, होली पर स्वास्थ्य विभाग की पूरी तैयारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, होली त्योहार को देखते हुए अमेठी जिले में स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तरह से तैयारी कर ली है। जिला अस्पताल और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 24 घंटे डॉक्टर और फार्मासिस्ट मौजूद रहेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर पूरा जनपद अलर्ट मोड पर है। जिला अस्पताल में स्किन रोग विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। आंखों में रंग पड़ने की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त मात्रा में आई ड्रॉप्स का स्टॉक रखा गया है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर पैरामेडिकल स्टाफ की टीम भी तैनात रहेगी। चिकित्सकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मरीजों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करें। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक दवाएं और उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

# होली से पहले खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

## एक्सपायरी मिठाइयां जब्त, 63.5 किलो माल गोमती में फेंका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, होली से पहले खाद्य विभाग ने मिलावटी मिठाइयों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मुख्य खाद्य निरीक्षक अधिकारी निर्भय नारायण सिंहा के नेतृत्व में टीम ने मोतिगरपुर कस्बे में एक वाहन को जांच के लिए रोका। लखनऊ-बलिया हाईवे पर टीम को अयोध्या के जाना बाजार स्थित राधिका डेयरी का एक टाटा एस मैजिक वाहन मिला। इसमें मिल्ककेक, कलाकंद, बतीसा, रसगुल्ला, मिक्स बर्फी और डोडा बर्फी रखी थी। टीम ने सभी मिठाइयों के नमूने लेकर विधि विज्ञान प्रयोगशाला, लखनऊ भेज दिए हैं। एक्सपायर मिठाई जब्त जांच में 63.5 किलो मिठाइयां एक्सपायरी डेट की पाई गईं। इन्हें जब्त कर गोमती नदी में नष्ट कर दिया गया। इस अभियान में जयसिंहपुर के खाद्य निरीक्षक अंजनी मिश्र, लंभुआ के हीरालाल, सुपरवाइजर बसंत वर्मा और चालक रमाकांत सिंह शामिल थे। साफ-सफाई का रखें ध्यान अधिकारियों ने सभी दुकानदारों को साफ-सफाई और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी है। यह कार्रवाई त्योहार के दौरान लोगों को मिलावटी मिठाइयों से बचाने के लिए की गई है।

# युवक को पेड़ से बांधकर पीटा

- शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचा था, घर वालों ने रंगे हाथ पकड़ा; पुलिस हिरासत में दोनों पक्ष

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, यूपी के अमेठी में सोमवार रात इश्क में पागल प्रेमी अपनी शादीशुदा प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया। कमरे में हलचल सुन महिला के ससुरालीजनों दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद युवक को पेड़ से बांधकर पीटा। इसका वीडियो भी बनाया। मामला भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पकड़े गए युवक ने अपना नाम जामो इलाके के पूरे सिंह मिश्र गांव निवासी मो. गुलाम बताया। उसने बताया कि महिला से उसकी जान-पहचान पहले से है। कई बार उसके बुलाने पर वह मिलने उसके घर आ चुका है। सोमवार को भी महिला ने फोन करके घर बुलाया था। इसके बाद ही वह घर पहुंचा था। इस बार वह पकड़ा गया। ग्रामीणों ने पेड़ से बांधकर पीटा एसओ तनुज पाल ने बताया कि महिला का पति बाहर रहता है। वह घर पर ससुर इखलाक के साथ रहती है। महिला के बुलाने पर गुलाम उसके घर गया था। रात में ससुर को संदेह हुआ तो उन्होंने पड़ोसी गुड्डू व अन्य लोगों की मदद से गुलाम को पकड़ लिया। पकड़ने के बाद ग्रामीणों ने पेड़ से बांधकर उसकी पिटाई कर दी। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

# श्मशान घाट में कंपोस्टिंग प्लांट का विरोध

## राया नगर पंचायत की मनमानी, घटिया निर्माण से नाराज लोग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, राया नगर पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत श्मशान घाट में कंपोस्टिंग प्लांट का निर्माण कराया जा रहा है।

इसका हावड़ा समाज के लोगों ने विरोध किया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।

नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने लखनऊ से आने वाली निरीक्षण टीम के डर से महज दो दिनों में काम शुरू करवा दिया है।

इस मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया,

तो उनकी तरफ से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। श्मशान घाट में जल्दबाजी में कराई जा रही पुताई और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने सादाबाद रोड स्थित श्मशान घाट के इस मामले को मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी के समक्ष उठाने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि पवित्र स्थल पर इस तरह का निर्माण उचित नहीं है।

# युवक की हत्या में 6 को आजीवन कारावास

## अलीगढ़ में लाठी-डंडे से पीट-पीटकर की थी हत्या, सजा पाने वालों में 5 सगे भाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, जवां थाना क्षेत्र के गांव रामनगर में डेढ़ साल पहले युवक की पीट-पीटकर हत्या करने वाले 6 दोषियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला जिला जज संजीव कुमार की कोर्ट में चल रहा था, जिसके बाद उन्होंने फैसला दिया है। सजा पाने वालों में 5 सगे भाई हैं और एक उनका बहनोई है। इन्होंने युवक को बुरी तरह से पीटा था और उसे लहूलुहान कर दिया था। युवक को जेएन मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। जिसके बाद मामले का ट्रायल लगातार चल रहा था। जवां थाने के रामनगर निवासी वजीद ने मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित ने बताया था कि उसके घर के सामने उनकी बजरी पड़ी हुई थी। पड़ोस में रहने वाला जाकिर उनके घर के सामने से बजरी उठाकर ले जा रहा था। जिसका उनके पिता ने विरोध किया था। उनके पिता ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। जाकिर के साथ वकार, नहना, शाकिर, शाहरुख और खैर निवासी रियाज उर्फ भोला ने उनके पिता, भाई और मां के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की थी। अल्ताफ के सिर में गंभीर चोटें आईं थी और उसे गंभीर हालत में मेडिकल कालेज भेजा गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। युवक की हत्या के मामले में जिला जज ने एक ओर जाकिर, वकार, नहना, शाकिर, शाहरुख पुत्रगण लियाकत अली निवासी रामगढ़ को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इन पांचों के साथ ही इनके बहनोई खैर निवासी रियाज उर्फ भोला पुत्र चमन खां को भी सजा सुनाई गई है। आजीवन कारावास के साथ ही सभी के ऊपर 10-10 हजार रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया गया है। यह दोषियों को कोर्ट में जमा कराना होगा। जिसका एक हिस्सा पीड़ित के परिवार को मुआवजे के तौर पर दिया जाएगा।

# चुनाव आयोग के निर्देश पर हसनपुर में बैठक

## एसडीएम ने राजनीतिक दलों के साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण पर की चर्चा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



हसनपुर, ब्लॉक के एसडीएम कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने चुनाव आयोग के निर्देश पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

बैठक में प्रत्येक बूथ पर एजेंट नियुक्ति और मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतदान केंद्रों और निर्वाचन संबंधी विभिन्न मुद्दों पर अपनी चिंताएं रखीं। एसडीएम श्रीवास्तव ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं से चुनाव आयोग को अवगत कराया जाएगा और शीघ्र समाधान किया जाएगा। बैठक में तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इनमें कांग्रेस से विनोद कुमार सक्सेना, राष्ट्रीय लोकदल से युवा जिला अध्यक्ष इरकान अली, समाजवादी पार्टी से नगर प्रभारी यूसुफ कुरैशी और जिला सचिव शाहनवाज अंसारी शामिल थे।

# रालोद प्रदेश अध्यक्ष ने अमेठी में की बैठक

## गांव स्तर तक संगठन मजबूत करने और पंचायत चुनाव की तैयारी के निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष राम आशीष राय ने आज अमेठी में कार्यकताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने कार्यकताओं को गांव स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। राय ने कार्यकर्ताओं को आगामी पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुट जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी पंचायत और नगर निकाय चुनाव में पूरी ताकत से भाग लेगी। एएमयू में मंदिर निर्माण के मुद्दे पर रालोद सांसद राजकुमार सागवान के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राय ने कहा कि विश्वविद्यालय एक विद्या मंदिर है। उन्होंने कहा कि यहां सभी समुदायों के छात्र सौहार्दपूर्ण माहौल में पढ़ते हैं। राय ने स्पष्ट किया कि विद्या मंदिरों में मंदिर, मस्जिद या गुरुद्वारे बनाने से शैक्षणिक माहौल प्रभावित होगा।

# होटल कारोबारी ने प्रेमिका के सिर में मारी गोली

## लाश को कमरे में छोड़कर थाने पहुंचा; बोला-दूसरे से बात करती थी...मार डाला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमरोहा, होटल कारोबारी ने प्रेमिका के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद लाश को कमरे में छोड़कर थाने पहुंच गया। उसने कहा- प्रेमिका दूसरे लड़के से बात करती थी, इसलिए उसे मार दिया। उसकी लाश मेरे होटल के कमरे में पड़ी हुई है। यह सुनकर पुलिसवाले दंग रह गए। आनन-फानन में पुलिसकर्मी कारोबारी अंकुश को लेकर होटल पहुंचे। वहां खून से लथपथ प्रेमिका का शव पड़ा हुआ था। पूरा मामला गजरौला के विनायक गेस्ट हाउस का है। 35 साल की प्रेमिका रोश खुराना उत्तराखंड के हरिद्वार के कनखल क्षेत्र की रहने वाली थी। अंकुश बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव धनौरी खुर्द का निवासी है। उसने सोमवार को फोन करके रोश को गेस्ट हाउस बुलाया था। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अंकुश ने पुलिस को बताया- सोमवार दोपहर 2 बजे रोश गेस्ट हाउस पहुंची। हम दोनों ने साथ में खाना खाया और फिर घूमने निकल गए। देर शाम जब हम गेस्ट हाउस लौटे, तो आपस में बातचीत हो रही थी। इसी दौरान मैंने रोश से पूछा कि क्या वह किसी और लड़के से बात करती है, लेकिन उसने इनकार कर दिया। इसके बाद हम दोनों के बीच झगड़ा हो गया। अंकुश ने कहा- मैंने उससे कहा कि इस बारे में कल बात करेंगे। मंगलवार सुबह 7 बजे जब हम उठे, तो फिर से इसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। गुस्से में आकर मैंने उसके सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद अंकुश होटल से 100 मीटर दूर औद्योगिक पुलिस चौकी पहुंचा और सरेंडर कर दिया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।